इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति" ॥

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव






## गोवा के नाइट क्लब में भीषण अग्निकांड : सिलेंडर ब्लास्ट से 25 लोगों की मौत, क्लब मैनेजर गिरफ्तार

पणजी। उत्तरी गोवा के अरपोरा क्षेत्र स्थित एक नाइट क्लब में शुक्रवार देर रात भीषण आग लगने से कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई और छह अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि मृतकों में चार पर्यटक और 14 नाइट क्लब के कर्मचारी शामिल हैं, जबकि बाकी सात मृतकों की पहचान अभी की जा रही है।



- बिर्च बाय रोमियो लेन में देर रात हादसा,
- फायर सेफ्टी नियमों के उल्लंघन की आशंका
- सीएम ने दिए उच्च स्तरीय जांच के आदेश

### कैसे लगी आग?

यह हादसा अरपोरा स्थित 'बिर्च बाय रोमियो लेन' नामक नाइट क्लब में हुआ। आग किस वजह से लगी, इसका अभी आधिकारिक रूप से खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार पुलिस और दमकल विभाग आग लगने के कारणों की जांच कर रहे हैं और संबंधित कानूनी कार्रवाई की जा रही है। दमकल कर्मियों ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पुलिस का कहना है कि घटना के समय क्लब में बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे, जिससे हताहतों की संख्या बढ़ गई। इस हादसे में घायल हुए छह लोगों को गोवा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, बम्बोलिम में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों ने बताया कि घायलों का उपचार चल रहा है और कुछ की हालत गंभीर बनी हुई है।

### मुख्यमंत्री सावंत ने व्यक्त किया गहरा शोक

गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि प्रारंभिक जांच के अनुसार नाइट क्लब ने अग्नि (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### राहुल ने गोवा नाइट क्लब त्रासदी को बताया 'सुरक्षा और शासन की आपराधिक विफलता'



कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गोवा के नाइटक्लब आग हादसे को 'सुरक्षा और शासन की आपराधिक विफलता' बताया. उन्होंने एक्स पर लिखा, अर्पोरा, गोवा में हुई इस भयानक आग में 20 से अधिक लोगों की मौत से गहरा दुख है. मृतकों के परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना. यह सिर्फ एक दुर्घटना नहीं है, यह सुरक्षा और शासन की आपराधिक विफलता है. जिम्मेदारी तय करने और ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए एक पूरी और पारदर्शी जांच जरूरी है.

## इंडिगो ने पकड़ी रफ्तार, सरकार की सख्ती के बाद बदले हालात; 1650 से ज्यादा उड़ानें बहाल

नई दिल्ली। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो तेजी से अपने ऑपरेशन ठीक कर रही है। कंपनी ने बताया कि आज वह 1650 से ज्यादा उड़ानें चला रही है, जबकि कल यह संख्या 1500 थी। एयरलाइन के 138 में से 137 गंतव्य पूरी तरह ऑपरेशनल हैं। समय पर उड़ान भरने का आंकड़ा भी 30 प्रतिशत से बढ़कर 75 प्रतिशत हो गया है। इंडिगो ने कहा है कि 15 दिसंबर तक सभी ग्राहकों को टिकट कैंसिल कराने या यात्रा बदलने पर पूरा शुल्क माफ रहेगा। रिफंड और सामान लौटाने का काम भी तेजी से चल रहा है।



- 1650 से ज्यादा उड़ानें संचालित
- रिफंड और सामान वापसी में तेजी

### सरकार की सख्ती

नागरिक उड्डयन मंत्रालयने बताया कि उसने इंडिगोकी परेशानी से यात्रियों को हो रही दिक्कत कम करने के लिए तेजी से कदम उठाए हैं। बाकी सभी घरेलू एयरलाइंस सामान्य रूप से उड़ानें चला रही हैं और इंडिगोकी स्थिति भी आज बेहतर दिखी है।

हाल में उड़ानें रद होने से कई रूट पर किराया बढ़ गया था। इसे रोकने के लिए मंत्रालय ने तुरंत किराए पर सीमा तय कर दी। इसके बाद किराए सामान्य स्तर पर आ गए। सभी एयरलाइंस को आदेश दिया गया है कि वे तय किए गए किराए की सीमा का पालन करें।

### 610 करोड़ रु. रिफंड कर 3 हजार बैग भी लौटाये

मंत्रालय ने इंडिगो को सख्त आदेश दिया कि सभी रद या बहुत देर वाली उड़ानों का रिफंड आज शाम 8 बजे तक पूरा किया जाए। इंडिगोअब तक 610 करोड़ रुपये के रिफंड कर चुकी है। यात्रा बदलने पर कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा। यात्रियों की मदद के लिए विशेष सहायता टीमें भी बनाई गई हैं। मंत्रालय ने इंडिगोको कहा है कि जिन यात्रियों का सामान अलग हो गया है, वह 48 घंटे के भीतर उन्हें वापस दिया जाए। एयरलाइन अब तक 3000 बैग यात्रियों तक पहुंचा चुकी है।

### एयरपोर्ट्स पर हालात सामान्य

दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद, अहमदाबाद और गोवा के एयरपोर्ट डायरेक्टरों ने बताया (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## देवी के दर्शन करने जा रहा था परिवार, 800 फीट गहरी खाई में गिरी इनोवा कार, 6 लोगों की मौत

मुंबई। नासिक जिले में रविवार को एक बेहद दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। एक इनोवा कार अनियंत्रित होकर 800 फीट गहरी खाई में गिर गई। इस भीषण हादसे में एक ही परिवार के छह सदस्यों की मौत हो गई। सभी पीड़ित सप्तश्रृंगी माता मंदिर दर्शन के लिए जा रहे थे। इस घटना ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया है और घाट रोड की खराब स्थिति पर लोगों ने गुस्सा जाहिर किया है।



### कैसे हुआ हादसा?

पुलिस के अनुसार, आज छुट्टी होने की वजह से पटेल परिवार के छह लोग इनोवा कार से सप्तश्रृंगी माता मंदिर जा रहे थे। यह दुर्घटना भंवरी वॉटरफॉल के पास तीखे मोड़ पर हुई। बताया जा रहा है कि ड्राइवर ने एक अन्य वाहन को ओवरटेक करने की कोशिश की, तभी उसने नियंत्रण खो दिया। जिसके बाद इनोवा सड़क किनारे से फिसलते हुए सीधे 800 फीट गहरी खाई में जा गिरा। कार में सवार सभी छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

अधिकारियों ने पुष्टि की कि हादसे के शिकार सभी छह लोग पटेल परिवार (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## कोलकाता में रचा इतिहास, 5 लाख लोगों ने किया गीता पाठ, साधु-संत समेत कई भाजपा नेता हुए शामिल

मुर्शिदाबाद। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हुमायूं कबीर द्वार बाबरी मस्जिद की नींव रखी जाने के बाद आज कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में एकसाथ विशाल 'भगवद् गीता पाठ' का आयोजन किया गया, जिसमें करीब 5 लाख लोग शामिल हुए। इस कार्यक्रम का आयोजन मंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज की अध्यक्षता में किया गया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम आध्यात्मिक चेतना, शांति और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक है। इस कार्यक्रम में बाबा बागेश्वर धाम धीरेंद्र कृ?ण शास्त्री, योगगुरु बाबा रामदेव समेत कई धर्मगुरु शामिल हुए। इसके अलावा पद्म भूषण साध्वी ऋतंभरा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थीं।

खबरों के अनुसार, पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हुमायूं कबीर द्वार बाबरी मस्जिद की नींव रखी जाने के बाद आज कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में एकसाथ विशाल 'भगवद् गीता पाठ' का आयोजन किया गया, जिसमें करीब 5 लाख लोग शामिल हुए। इस कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल और पड़ोसी राज्यों से आए लाखों श्रद्धालु, साधु और साध्वी शामिल हुए।



कार्यक्रम में भगवा वस्त्र पहने साधु एक साथ गीता की प्रतियों से श्लोक पढ़ रहे थे। इस कार्यक्रम का आयोजन मंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज की अध्यक्षता में किया गया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम आध्यात्मिक चेतना, शांति और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक है। इस कार्यक्रम में बाबा बागेश्वर धाम धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री, योगगुरु बाबा रामदेव समेत कई धर्मगुरु शामिल हुए। इसके अलावा पद्म भूषण साध्वी ऋतंभरा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थीं। कार्यक्रम में बंगाल के राज्यपाल आनंद बोस के अलावा कई भाजपा नेता भी शामिल हुए। सामूहिक गीता पाठ कार्यक्रम को लेकर धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि पवित्र धरती कोलकाता में 5 लाख लोगों ने एक साथ गीता पाठ किया। कार्यक्रम के लिए लोगों के सैलाब देखकर ऐसा लगा कि जैसे कोलकाता में महाकुंभ लगा हो। हम पश्चिम बंगाल, कोलकाता और भारत के लोगों का दिल से शुक्रिया अदा करते हैं। अग्निमित्रा पॉल ने कहा, गीता केवल हिंदुओं के लिए नहीं, यह 140 करोड़ भारतीयों के लिए है। आयोजकों के मुताबिक, इस कार्यक्रम का उद्देश्य पश्चिम बंगाल की आध्यात्मिक विरासत को जागृत करना और धर्मग्रंथों के माध्यम से सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना है। उनके मुताबिक, इसे (कार्यक्रम) राज्य और संभवतः देश में अब तक का सबसे बड़ा सामूहिक गीता पाठ बताया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि दिसंबर 2023 में लोकसभा चुनाव से पहले 'ब्रिगेड' में इसी तरह का 'एक लाख स्वरों' वाला गीता पाठ कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसके ठीक 2 साल बाद आज यानी रविवार को 'पंच लाखो कोंठे गीता पाठ' नामक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

## संसद सत्र दूसरा हफ्ता : आज वंदे मातरम पर बोलेंगे पीएम मोदी, चुनाव सुधार पर राहुल गांधी पूछेंगे सवाल





नई दिल्ली। संसद के शीतकालीन सत्र के पहले हफ़्ते की शुरुआत में हंगामा और बाद में रूटीन काम-काज देखने को मिला. लेकिन दूसरे हफ़्ते में फ़ोकस वन्दे मातरम और चुनाव सुधार के मुद्दे पर होने वाली चर्चा में बड़े नेताओं के भाषणों पर रहेगा. राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने के मौके पर सोमवार को लोकसभा में दोपहर 12 बजे के बाद चर्चा शुरू होगी, जिसके पहले वक्ता पीएम मोदी होंगे. कांग्रेस की तरफ से मुख्य वक्ताओं में गौरव गोगोई और प्रियंका गांधी का नाम है. 'वंदे मातरम' पर करीब दस घंटे चर्चा होनी है. यानी लोकसभा के सोमवार देर रात तक चलने की संभावना है.

लोकसभा में 'राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ पर चर्चा' सोमवार के लिए सूचीबद्ध है और इस पर बहस के लिए 10 घंटे का समय निर्धारित किया गया है. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इस चर्चा में दूसरे वक्ता होंगे. इस चर्चा में लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई और प्रियंका गांधी वाद्रा सहित अन्य सदस्य भी शामिल होंगे.संसद में यह चर्चा, बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित और जदुनाथ भट्टाचार्य द्वारा संगीतबद्ध वंदे (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## रूस का यूक्रेन पर सबसे बड़ा हवाई हमला, गलती से अपने ही शहर पर भी गिरा दिया 1000 किलो का बम!

रूस। रूस ने यूक्रेन के 29 ठिकानों पर 653 ड्रोन और 51 मिसाइलें दागकर भारी हमला किया, जिसमें ऊर्जा संरचनाएं और रेलवे स्टेशन तबाह हुए। रूस गलती से अपने शहर बेल्गोरोड पर 1000 किलो बम गिरा बैठा।



यूक्रेन में आर्म्ड फोर्सेज डे से ठीक पहले रूस ने अब तक के सबसे बड़े समन्वित हवाई हमलों में से एक को अंजाम दिया। शनिवार तड़के रूस ने यूक्रेन के 29 ठिकानों पर 653 ड्रोन और 51 मिसाइलें दागीं। यूक्रेन एयरफोर्स का दावा है कि उसने इनमें से 585 ड्रोन और 30 मिसाइलों को मार गिराया। हमलों में 8 लोग घायल हुए और कई ऊर्जा संयंत्र, रेलवे स्टेशन और बिजली ढांचे को गंभीर नुकसान पहुंचा। सबसे गंभीर झटका जापोरेजिया न्यूक्लियर पावर प्लांट को लगा, जो कुछ समय के लिए ऑफ-साइट पावर से कट गया। हालांकि रिएक्टर बंद होने के कारण बड़ा परमाणु खतरा टल गया।

### रूस ने गलती से अपने ही शहर पर गिराया 1000 किलो का बम

रूसी मीडिया के मुताबिक, यूक्रेन पर हमले के दौरान रूस ने गलती से अपने ही बेल्गोरोड शहर पर स्वक्क-1000 हाई-एक्सप्लोसिव बम गिरा दिया। बम का वजन लगभग 1000 किलो था। यह पूरी तरह विस्फोट नहीं हुआ, पर जमीन में विशाल गड्ढा बन गया। आधिकारिक पुष्टि अब तक नहीं हुई है। हमलों के तुरंत बाद फ्लोरिडा में अमेरिकी और यूक्रेनी अधिकारियों के बीच तीन दिन चली वार्ता बिना ठोस नतीजे खत्म हो गई। इसमें ट्रम्प के शांति दूत स्टीव विटकॉफ, और ट्रम्प के दामाद जेरेड कुशनर शामिल थे।

## भारत की चीन से 9.60 लाख करोड़ की आयात पांच वर्ष में दुगुनी हुई

दिल्ली (गु.न्यू.)। संसद सत्र के दौरान वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने जानकारी दी कि भारत ने गत वर्ष वित्तीय वर्ष 2024-25 में चीन से 9,59,665.71 करोड़ रूपयों का आयात किया है। जो देश की कुल आयात का 15.74 प्रतिशत है। दूसरी ओर, देश में इस वर्ष में कुल 2,60,637 टन खाद (वाटर सालुशन फर्टिलाइजर) का आयात हुआ है, जिसके एवज में चीन से 1.71 लाख टन अर्थात 65.65 प्रतिशत आयात चीन से किया गया था डीजीसीआईएस के सोर्स के परिप्रेक्ष्य में यह जानकारी दी गई है।

पिछले पांच वर्षों में चीन से हो रही आयात में सतत् वृद्धि देखने को मिल रही है। वर्ष 2020-21 में 4,82,495 करोड़ की आयात, गत वर्ष 2024-25 में 9,59,665 करोड़ याने कि लगभग दुगूनी हो गई है। यद्यपि, पांच साल पहले देश की कुल आयात में चीन से 16.55 प्रतिशत के विरूद्ध पिछले साल 15.74 प्रतिशत रही है। यद्यपि, सबसे कम आयात 2022-23 में 13.76 प्रतिशत थी। चीन से प्रमुख रूप से मोबाईल, पार्टस सहित टेलीकाम की साधन सामग्री, इलेक्ट्रानिक्स, कम्प्यूटर हार्डवेयर, डेयरी वगैरह के लिए औद्योगिक मशीनरीज, इलेक्ट्रिक मशीनरीज की आयात हो रही है। कम्प्युटर हाईवेयर की देश की कुल आयात की लगभग 50 प्रतिशत आयात चीन से हो रही है। इसके विरूद्ध, हमारे देश में स्वदेशी अभियान आत्मनिर्भर होने की दिशा में चल रहा है।

## बालाघाट में केबी डिवीजन के कान्हा-भोरमदेव दलम का सरेंडर

बालाघाट। माओवाद को खत्म करने के लिए चलाए जा रहे मिशन 2026 को लेकर बालाघाट पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। कान्हा भोरमदेव डिवीजन (केबी) के 10 माओवादियों ने शनिवार देर रात बालाघाट पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। मध्य प्रदेश के इतिहास में यह सबसे बड़ा माओवादी आत्मसमर्पण है। बालाघाट रेंज के आईजी संजय कुमार ने पुष्टि करते हुए बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले सभी माओवादी कान्हा भोरमदेव डिवीजन के हैं। आज पुलिस लाइन में आयोजित होने वाले विशेष कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सामने माओवादी हथियार डालेंगे।



### कई माओवादी घटनाओं में ये शामिल रहा है

सरेंडर करने वाले माओवादियों में कान्हा भोरमदेव डिवीजन का मुखिया कबीर भी शामिल है। आईजी ने बताया कि उस पर तीनों राज्यों (मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र) में 77 लाख रुपए का इनाम है। 10 माओवादियों में चार महिला और छह पुरुष माओवादी हैं, जिन्हें शनिवार देर रात बालाघाट आईजी के निवास स्थान लाया गया। जानकारी के अनुसार, कबीर बालाघाट सहित छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में हुई कई माओवादी घटनाओं में शामिल रहा है।

### 11 माओवादियों ने किया था सरेंडर

बता दें कि एक नवंबर को छत्तीसगढ़ की सुनीता ने बालाघाट की किन्ही चौकी में आत्मसमर्पण किया था। एक महीने बाद अब बड़ी संख्या में माओवादियों ने हथियार डालने का फैसला किया है। इससे पहले 28 नवंबर को बालाघाट में सक्रिय दर्रेकसा दलम के 11 माओवादियों ने महाराष्ट्र के गोंदिया में हथियार डाले थे। इसमें बालाघाट के राशीमेटा की संगीता भी है, जिस पर 14 लाख का इनाम था। दर्रेकसा दलम के ये वही माओवादी हैं, जिनसे 19 नवंबर को छत्तीसगढ़ सीमा पर हुई मुठभेड़ में हाकफोर्स के निरीक्षक आशीष शर्मा बलिदान हुए थे।

## फिल्ममेकर विक्रम भट्ट और उनकी पत्नी गिरफ्तार, 30 करोड़ रुपये के आईवीएफ फ्रॉड का मामला

मुंबई। फिल्ममेकर विक्रम भट्ट को कथित तौर पर 30 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के एक मामले में गिरफ्तार किया गया है। यह गिरफ्तारी राजस्थान पुलिस और मुंबई पुलिस ने मिलकर विक्रम भट्ट की साली के घर पर की। राजस्थान पुलिस अब बांद्रा कोर्ट से ट्रांजिट रिमांड की मांग करेगी ताकि वो उन्हें आगे की पूछताछ के लिए उदयपुर ले जा सकें। यह कदम विक्रम भट्ट, उनकी पत्नी श्वेतांबरी भट्ट और छह अन्य लोगों के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी होने के बाद उठाया गया है। उन्हें 8 दिसंबर तक उदयपुर पुलिस के सामने पेश होने के लिए कहा गया है और बिना अनुमति के विदेश यात्रा करने पर रोक लगा दी गई है।



मामला तब शुरू हुआ जब इंदिरा आईवीएफ अस्पताल के संस्थापक डॉ. अजय मुर्डिया ने शिकायत दर्ज कराई कि उन्हें एक फिल्म प्रोजेक्ट में 30 करोड़ से ज्यादा पैसे लगाने के लिए राजी किया गया था। कथित तौर पर उनसे वादा किया गया था कि मुनाफा 200 करोड़ रुपये तक मिल जाएगा। करीब 20 दिन पहले ही विक्रम भट्ट, उनकी पत्नी और छह अन्य लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई गई। यह एफआईआर भूपालपुरा पुलिस स्टेशन में दर्ज करवाई गई थी।

### क्या है मामला?

एफआईआर के अनुसार विक्रम भट्ट, डॉ. मुर्डिया की दिवंगत पत्नी पर एक बायोपिक बनाने के लिए राजी हो गए और उनसे कहा कि वह सारा काम संभालेंगे। बताया जा रहा है कि जैसे फिल्म के प्रोडक्शन का काम आगे बढ़ा तो विक्रम भट्ट ने कथित तौर पर पैसे मांगे और कहा कि उनकी पत्नी और बेटी इसमें सहयोगी के तौर पर शामिल हैं। इस प्रोजेक्ट के लिए श्वेतांबरी भट्ट के नाम से वीएसबी एलएलपी नाम की एक कंपनी रजिस्टर कराई गई थी।

### तुमको मेरी कसम नाम से बनाई फिल्म, विक्रम भट्ट ने आरोपों को बताया मनगढ़ंत

डॉ. मुर्डिया ने सबसे पहले दिनेश कटारिया से मदद मांगी थी और कटारिया की सलाह पर उन्होंने 25 अप्रैल 2023 को मुंबई के वृंदावन स्टूडियो में विक्रम भट्ट से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान उन्होंने बायोपिक बनाने पर चर्चा की। तुमको मेरी कसम नाम से मार्च 2025 में फिल्म रिलीज की गई। जिसमें ईशा देओल और (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## जशपुर में खड़े ट्रेलर से टकराई कार, पांच दोस्तों की मौत

रायपुर। जशपुर जिले में एनएच-43 पर एक भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें तेज रफ्तार कार के खड़े ट्रेलर से टकरा जाने से पांच युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा शनिवार तड़के दुलदुला थाना क्षेत्र के पतराटोली के पास हुआ, जब सभी युवक एक सांस्कृतिक कार्यक्रम से लौट रहे थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और पांचों युवकों की जान चली गई।



### कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त

जशपुर जिले में शनिवार तड़के एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा सामने आया है। कटनी-गुमला राष्ट्रीय राजमार्ग पर दुलदुला थाना क्षेत्र के पतराटोली के पास तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर ट्रेलर से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार पांच युवकों की मौके पर ही मौत हो गई।

### मौके पर पहुंची पुलिस

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। दुलदुला थाना प्रभारी के.के. साहू ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि सभी मृतक दुलदुला थाना क्षेत्र के खटंगा गांव के निवासी हैं। परिजनों के मुताबिक सभी युवक आस्ता थाना क्षेत्र में लगे मेले से लौट रहे थे। रास्ते में अचानक यह हादसा हो गया। राधेश्याम यादव के बड़े भाई महेश्वर यादव ने बताया कि सभी दोस्त एक साथ घर लौट रहे थे, तभी यह हादसा हुआ।

### ये हैं मृतकों के नाम

मृतकों के नाम राधेश्याम यादव (26), पिता रामप्रसाद यादव, उदय कुमार चौहान (18), पिता कृष्ण चौहान, सागर तिर्की (22), पिता रफेल तिर्की, अंकित तिग्गा (17), पिता दिलीप तिग्गा और दीपक प्रधान (19), पिता अमर प्रधान हैं। घटना के बाद से पूरे इलाके में मातम पसरा हुआ है। गांव में शोक की लहर है।

# नवभारत साक्षरता परीक्षा महाअभियान संपन्न : पढ़ने-लिखने के लिए हर उम्र सही है



- 82 वर्षीय बुजुर्ग ने पुत्र के साथ और 75 वर्षीय पति ने पत्नी के साथ दिलाई परीक्षा, 6200 से अधिक शिक्षार्थी हुए शामिल
- पिता-पुत्र, सास-बहू, पति-पत्नी ने दिलाई परीक्षा

राजनांदगांव (दावा)। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान नई दिल्ली के पहल पर राज्यव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा महाभियान का आयोजन 7 दिसंबर रविवार को किया गया। उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत7 दिसंबर को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षार्थी सुविधानुसार उक्त समय के भीतर परीक्षा में सम्मिलित हुए। शिक्षार्थी को प्रश्न पत्र हल करने के लिए 3 घंटे का समय दिया गया प्रश्न पत्र के तीन भाग थे। पढ़ना, लिखना एवं 3 गणित प्रत्येक भाग 50 अंकों प्रश्न पत्र को हल किया। परीक्षा में ऐसे शिक्षार्थी जिनका पूर्व में पढ़ना लिखना अभियान अंतर्गत प्रमाणीकरण नहीं हुआ, जो मोहल्ला साक्षरता केंद्र में पढ़ाई किए हैं व उल्लास साक्षरता केन्द्र में पठन-पाठन किया है। ऐसे शिक्षार्थीयों जो बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक परीक्षा में वे शामिल हुए। डोंगरगांव विकासखंड के आसरा परीक्षा केंद्र में 82 वर्षीय बुजुर्ग भुवन साहू ने अपने 55 वर्षीय पुत्र गोपाल साहू के साथ परीक्षा दिलाई इसी तरह परीक्षा केंद्र पूर्व माध्यमिक शाला धीरी विकासखंड राजनांदगांव में 75 वर्षीय मक्खन निषाद ने अपनी पत्नी सुमित्रा निषाद के साथ परीक्षा दिलाई।

### परीक्षार्थियों में खासा उत्साह

परीक्षा दिलाने के लिये शिक्षार्थियों में उत्साह रहा उन्होंने अपने काम जल्दी से निपटाकर केन्द्र में आकर परीक्षा दिलाई। परीक्षा केन्द्र में केन्द्राध्यक्ष पर्यवेक्षक, स्वयंसेवी शिक्षकों के द्वारा परीक्षार्थियों का स्वागत किया गया। स्वयंसेवी शिक्षकों ने परीक्षार्थियों का केन्द्र तक लाने में अपना सहयोग दिया। जिले को कुल 15239 शिक्षार्थियों का लक्ष्य दिया गया है। जिसमें शाम 5 बजे तक प्राप्त जानकारी के अनुसार कुल 6200 परीक्षार्थी इस परीक्षा में शामिल हुए है। 28 संकुल से परीक्षार्थियों की जानकारी देर शाम तक प्राप्त होगी अतः ये संख्या बढ़ सकती है।

विकासखंड राजनांदगांव के 62, डोंगरगढ़ के 143, डोंगरगांव के 43 छुरिया के 230 कुल 478 परीक्षा केंद्रों में संपन्न हुई। प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे के बीच अपनी सुविधानुसार परीक्षा केंद्रों में आकर शिक्षार्थियों ने परीक्षा दिलाई। परीक्षा केंद्रों के रूप में विकासखंड द्वारा चयनित ग्रामों में प्राथमिक अथवा पूर्व माध्यमिक शालाओं को परीक्षा केंद्र के रूप में चिन्हित कर लिया गया था । केंद्र में परीक्षा संचालन हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्व में कर ली गई थी तथा परीक्षा केंद्राध्यक्ष, पर्यवेक्षक एवं मूल्यांकनकर्ता की ड्यूटी लगाई गई थी ।

जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल द्वारा परीक्षा दिवस को मॉनीटरिंग हेतु दल बनाया गया जिसमें जिला परियोजना अधिकारी साक्षरता मिशन, सहायक परि.समन्वयक समग्र शिक्षा, को विकासखंड में परीक्षा केन्द्रों की मॉनीटरिंग हेतु दायित्व प्रदान किया गया। विकासखंड स्तर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक, सहायक नोडल साक्षरता एवं संकुल समन्वयकों के द्वारा मॉनीटरिंग की गई।

जिला परियाजेना अधिकारी साक्षरता मिशन श्रीमती रश्मि सिंह, सहा.परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा आदर्श वासनिक, पी.आर झाड़े, श्रीमती प्रणिता शर्मा, स्काउट गाइड प्रभारी श्रीमती नेहा साहू, ए.पी.सी. एम.आर.अंसारी, मनोज मरकाम, टेल्मी जोली, नरेन्द्र साहू संपर्क जिला प्रभारी के द्वारा केन्द्रों की मॉनीटरिंग की गई। विकासखंड स्तर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक, सहायक नोडल साक्षरता कार्यक्रम एवं संकुल समन्वयक ने परीक्षा केंद्रों की मॉनिटरिंग की।

# अस्मिता हॉकी लीग के विजेताओं को उपमुख्यमंत्री एवं खेल मंत्री अरुण साव ने किया पुरुस्कृत

**छत्तीसगढ़ में खेलो को बढ़ावा देने के लीये छत्तीसगढ़ शासन तत्पर - अरुण साव**



राजनांदगांव (दावा)। स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया के निर्देशानुसार भारत मे महिला खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ हॉकी के द्वारा अस्मिता हॉकी लीग चैंपियनशिप का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आज उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं खेल मंत्री अरुण साव बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। इस अवसर पर बतौर विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज़ अंसारी, जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष सचिन बघेल, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, पूर्व विधायक रामजी भारती, समाजसेवी राजेंद्र गोलछा, पूर्व महापौर अजीत जैन, पार्षद शिव वर्मा एवं सुनील कन्हैया साहू, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे एवं समाज सेवी राधेश्याम गुप्ता शामिल हुए।

मुख्य अतिथि अरुण साव ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग के माध्यम से खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रतिभावान खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव सहयोग दिया जाएगा। मंत्री ने राजनांदगाँव की हॉकी उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि यहां की हॉकी ने देश ही नहीं, विश्व में अपनी पहचान बनाई है।

मंत्री साव ने विजेता टीम भारतीय खेल प्राधिकरण , उपविजेता टीम स्पोर्ट्स अकादमी रायपुर , तथा तृतीय स्थान प्राप्त खेलो इंडिया टीम को बधाई दी और कहा की यह प्रतियोगिता प्रदेश में महिला हॉकी को मजबूती देने और नई प्रतिभाओं को पहचान देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज़ अंसारी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि खेल मंत्री के मार्गदर्शन में प्रदेश में खेलों का स्तर निरंतर ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि हाल ही में राष्ट्रीय हॉकी शिविर के लिए छत्तीसगढ़ के 9 खिलाड़ियों का चयन हुआ है, जो बेंगलुरु में होने वाली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता की तैयारी करेंगे।

### फायनल मैच में सांई राजनांदगांव ने स्पोटर्स हॉकी अकादमी रायपुर को हराया

हॉकी स्टेडियम में आज अपरांह में सांई राजनांदगांव और स्पोटर्स हॉकी अकादमी रायपुर के मध्य खेला गया फायनल मैच बहुत संघर्षपूर्ण रहा जिसमें सांई रांजनांदगांव ने स्पोटर्स हॉकी अकादमी रायपुर को 5-2 गोल से पराजित किया मैच के प्रारंभ से ही राजनांदगांव ने रायपुर पर दबाव बनाना शुरू कर दिया और पहले ही मिनट में अंजली एक्का ने मैदानी गोल किया मैच के 7वें मिनट में दुबी रावत ने मैच के 15वे मिनट में श्यामली राय 19वें मिनट और 27वें मिनट में दुबी रावत ने गोल किया था वही रायपुर की ओर से काव्या और मनप्रित कौर ने 1-1 गोल किया था सांई सेंटर राजनांदगांव ने 5-2 गोल से पराजित कर फायनल का खिताब अपने नाम किया। इसके पहले गए तीसरे व चैथे स्थान के लिए खेलो इंडिया सेंटर राजनांदगांव अ ने खेलो इंडिया सेंटर ब को कढे मुकाबले में 2-0 गोल से पराजित कर तीसरा स्थान प्राप्त किया इस रोमांचक मुकाबले में मैच के मध्यांतर तक दोनो ही टीम ने कोई भी गोल नही कर पाई मैच के मध्यांतर के बाद मैच के 32वें मिनट में खेलो इंडिया सेंटर अ के ओर से केसर साहू ने और मैच के 39वें मिनट में सुधा साहू ने गोल कर 2-0 गोल से जीत दर्ज कर तीसरा स्थान प्राप्त किया

समापन समारोह में प्रमुख रूप से जिला हॉकी संघ के सचिव शिवनारायाण धकेता, नीलामचंद जैन ,रमेश डाकलिया, ऑशा थॉमस, भूषण साव, शकील अहमद (खेलो इंडिया कोच) एम.वाय. कुरैशी, गोपेश्वर कहरा, भूषण सॉव, राजेन्द्र जायसवाल, तारीक कुरैशी, जांहगीर खान, अय्यूब इरफान,अंसार अहमद, राकेश गढवाल, कुमारी तुलसी साहू, तीरथ गोस्वमी, देवशरण सेन, राकेश यादव पार्षद प्रतिनिधि, गगन आईच, आशुतोष सिंह, रश्मि संध्या एक्का, खेमराज सिन्हा, सुखदेव निर्मलकर, तौफिक अहमद, इंदरपाल सिंह, कृष्णा यादव आदि प्रमुख रूप से शामिल थे।

## पहला कॉलम...

### आज राजयोगिनी ब्रम्हाकुमारी वीणा दीदी जी का नगरागमन



राजनांदगांव (दावा)। रामायण एवं महाभारत पर आध्यात्मिक व्याख्याकार एवं सुप्रसिद्ध वक्ता सिरसी कर्नाटक से ब्रह्माकुमारी वीणा दीदी जी का आज राजनांदगांव आगमन होने जा रहा है। उनके पावन सानिध्य में आज 8 दिसम्बर सोमवार को शाम 5 बजे ब्रह्माकुमारीज ज्ञान मानसरोवर के विशाल सभागार में दिव्य प्रवचन का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। आज ही ब्रह्माकुमारीज राजनांदगांव के नवनिर्मित भवन ज्ञान मानसरोवर का प्रथम वार्षिकोत्सव भी है। इस अवसर पर विशेष कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है। यह जानकारी ब्रह्माकुमारीज़ की संचालिका ब्रह्माकुमारी पुष्पा बहन जी ने दी।

### रिखीराम यादव का निधन



राजनांदगांव (दावा)। ग्राम समसपुर दल्ली की प्रसिद्ध नवदीप सेवा एवं फाग मंडली के मुख्य गायक रिखीराम यादव का आकस्मिक निधन हो गया है। उनके निधन की खबर से पूरे गांव और आसपास के क्षेत्रों में गम का माहौल छा गया है। रिखी राम यादव ने केवल अपने गांव में ही नहीं, बल्कि यूट्यूब गायक के रूप में भी अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया था। वे अपनी सुमधुर आवाज और फाग गायन शैली के लिए स्थानीय स्तर पर बेहद लोकप्रिय थे। रिखी राम यादव के निधन पर आसपास के लोगों ने उन्हें भावभीनी अंतिम विदाई दी। उनका अंतिम संस्कार ग्राम सहसपुर दल्ली के मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे दो पुत्री और एक पुत्र को छोड़कर चले गए। अंतिम मुखाग्नि 10 वर्षी पुत्र ने दी।

### राजशंकर बाजपई का निधन



बांधाबाजार (दावा)। बांधाबाजार के प्रतिष्ठित नागरिक श्री राजशंकर बाजपई का आज सुबह 8.30 बजे 95 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन हो गया। वे अपने पीछे शिवकांत, रमाकांत, उमाकांत तथा कमलेश बाजपई सहित चार पुत्रों सहित नाती-पोतों से भरापूरा परिवार छोड़ गए। उनका अंतिम संस्कार 7 दिसंबर रविवार को अपरान्ह 3 बजे बांधा बाजार में किया गया।







# आदतन अपराधी गिरफ्तार : अवैध शराब बेचते 50 पौवा देशी शराब जब्त

**सिटी कोतवाली पुलिस की कार्रवाई, 24,000 रूपए की शराब और स्कूटी जब्त, आरोपी को भेजा जेल**



राजनांदगांव (दावा)। पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशानुसार राजनांदगांव में अवैध शराब बिक्री और असामाजिक तत्वों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सिटी कोतवाली पुलिस ने एक आदतन आरोपी को भारी मात्रा में अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। दिनांक 7 अक्टूबर को थाना प्रभारी निरीक्षक नंदकिशोर गौतम के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली। जिसके आधार पर कैलाश नगर पॉवर हाउस पेट्रोल पंप के आगे, लखोली रोड पर कृपेश रजक उम्र 25 वर्ष, साकिन कैलाश नगर को घेराबंदी कर पकड़ा गया।

### 50 पौवा शराब जब्त

गिरफ्तारी के समय आरोपी कृपेश रजक के कब्जे से बिक्री हेतु अवैध रूप से रखी गई 50 पौवा शोले देशी प्लेन शराब जब्त की गई। जब्त शराब की मात्रा 9.000 बल्क लीटर है, जिसकी अनुमानित कीमत 4,000 रूपए है। इसके साथ ही अवैध परिवहन में प्रयुक्त एक स्कूटी क्रमांक सीजी 07 सीक्यू 1906) को भी जब्त किया गया। जिसकी कीमत लगभग ?20,000 है। इस प्रकार कुल 24,000 रूपए का माल जब्त किया गया है।

### आदतन अपराधी है आरोपी

पुलिस जांच में पता चला है कि आरोपी कृपेश रजक आदतन अपराधी है। उसके खिलाफ पूर्व में भी थाना कोतवाली में आबकारी अधिनियम की विभिन्न धाराओं (धारा 36 (च) और धारा 34 (1)) के तहत (अप.क्रं. 116/24, 231/24, 334/24, 397/24, 609/24) कई मामले दर्ज किए जा चुके हैं। अवैध शराब बिक्री का पुख्ता सबूत पाए जाने पर, आरोपी के खिलाफ अप.क्रं. 749/25 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया। आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहां से जेल वारंट प्राप्त होने पर उसे जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल कर दिया गया है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि आगे भी अवैध शराब बिक्री में संलिप्त लोगों के खिलाफ लगातार कार्यवाही जारी रहेगी।

# वल्लभ भाई पटेल आदर्श राष्ट्र नायक - डॉ. द्विवेदी



राजनांदगांव (दावा)। लौह पुरूष महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वतंत्रता पश्चात 562 रियासतों का एकीकरण करने वाले अद्वितीय राष्ट्र सेवक सरदार वल्लभ भाई पटेल के समसामयिक पुण्य स्मरण परिप्रेक्ष्य में नगर के वरिष्ठ विचार चिंतक डॉ. कृष्ण कुमार द्विवेदी ने विशिष्ट विमर्श में बताया कि अद्भुत नेतृत्व क्षमता, कठोर अनुशासन, दृढ़संकल्पी और अद्भुत प्रशासनिक कौशल के धनी व्यक्तित्व तथा राष्ट्र के प्रथम उपप्रधानमंत्री, गृहमंत्री सरदार पटेल जी एक श्रेष्ठ, सरल, ईमानदार राजनेता हुए हैं। जिनका समग्र जीवनक्रम आदर्श राष्ट्र भक्ति का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है। राष्ट्र निर्माण में सरदार पटेल का अतीव महत्तम योगदान प्रत्येक भारतीय को सहज-सरल रूप में राष्ट्र के प्रति सर्वदा कर्तव्यनिष्ठ रहने को अभिप्रेरित करता है।

इस संदर्भ में आगे डॉ. द्विवेदी ने उल्लेखनीय रूप से बताया कि सरदार पटेल जी के बहुआयामी व्यक्तित्व एवं सर्वोत्कृष्ठ कृतित्व के लिए उन्हें एक से बढ़कर एक विशेषणों से संबोधन दिए जाते रहे है जैसे कि सशक्त राष्ट्र के पुरोधा, संवेदनशील, लौह पुरूष, राष्ट्रीय, एकता, अखंडता के पथ प्रदर्शक, हैदराबाद मुक्ति के नायक, संविधान निर्माण में निर्णायक भूमिका, सहकारिता के महाशिल्पी, प्रशासनिक व्यवस्था के श्रेष्ठ सुधारक इत्यादि वस्तुतः सरदार पटेल एक आदर्श राष्ट्र नायक थे। उनके कार्य, विचार संपूर्ण देश-धरती में सभी के लिए परम प्रेरणा पुंज है और यह भी प्रमाणिक रूप से सत्य है कि सरदार पटेल प्रारंभ से ही राष्ट्रहित सर्वोपरि नीति के श्रेष्ठ पैरोकार थे। उनके कार्यो में श्रेष्ठ भारतीयता की चमक-धमक सहजता से मिलती है, इसीलिए उनकी चिरस्थायी स्मृति में विशालकाय स्टेचु ऑफ यूनिटी का निर्माण उनके गृह प्रदेश गुजरात में हमारे सर्वाधिक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा निर्माण कराया गया है। जिससे हमारी युवा-किशोर-प्रबुद्ध पीढ़ी राष्ट्र के विकास में पृथक सहभागिता की नवप्रेरणा सदैव लेती रहे और राष्ट्र के लिए अपनी अनिवार्य भूमिका के लिए प्रतिपल तत्पर रहें। यही वर्तमान पीढ़ी का महा राष्ट्र संगठक सरदार पटेल के प्रति सच्ची सार्थक श्रद्धांजलि होगी।

# महिला सशक्तिकरण एवं स्वास्थ्य स्वच्छता नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम



राजनांदगांव (दावा)। जीवन आधार पब्लिक चैरिटी के सदस्य द्वारा ग्राम पंचायत धनगांव के सामुदायिक परिसर में आज महिला सशक्तिकरण एवं स्वास्थ्य स्वच्छता नशा मुक्ति पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें चैरिटी के सदस्य श्रीमती शोभा बाई गणवीर द्वारा महिला सशक्तिकरण एवं स्वास्थ्य स्वच्छता और नशा मुक्ति पर अपने विचार प्रकट करते हुए कही महिला अबला नहीं सबला होती है। घर परिवार को जोड़ने में महिलाओं का योगदान महत्वपूर्ण होता है। परंतु कुछ महिलाएं आर्थिक तंगी के कारण अपने घर परिवार को संपन्न नहीं बन सकती ऐसी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए सरकार द्वारा अनेक योजनाएं का संचालन किया जा रहा है। जिसमें महिला कढ़ाई बुनाई और सिलाई जैसे कार्य व्यवसाय के रूप में काम कर आर्थिक रूप से सक्षम हो सकती है अतः ऐसे परिवारों को मैं व्यवसाय करने हेतु प्रेरित करती। इसी कड़ी में श्रीमती कौशल्या बाई सहारे द्वारा स्वास्थ्य स्वच्छता पर अपनी विचार प्रकट करते हुए कहानी स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन मस्तिष्क होता है। स्वास्थ्य को उत्तम बनाने के लिए हमें स्वच्छ रहना है तथा हमारे आजू-बाजू की गंदगी युक्त परिसर में साफ सफाई करनी चाहिए। तथा प्रतिदिन स्नान करना चाहिए जिससे हमारा शरीर स्वस्थ रहेगा।

इसी कड़ी में चैरिटी के मुख्य मार्गदर्शक ओमप्रकाश सहारे द्वारा महिला सशक्तिकरण स्वास्थ्य स्वच्छता एवं नशा मुक्ति पर प्रकाश डालते हुए कहा आज के आधुनिक जीवन में मनुष्य की आवश्यकताएं बढ़ गई है। यह बढ़ती हुई आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए महिलाओं को आत्मनिर्भर होना जरूरी है, जिसके लिए वह सरकार के विभिन्न रोजगार व्यवसाय में संलग्न होकर अपनी आमदनी कर सकती हैं, जिससे उनका आर्थिक विकास ही नहीं बल्कि उनका जीवन का सुधार होगा। इसी प्रकार नशा विनाश का जड़ है इसीलिए महिलाओं से निवेदन है वह नशा मुक्ति पर अपना अभियान चला कर नशा मुक्ति राष्ट्र बनाने की कोशिश करेंगे और स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति भी जागरूक रहकर गंदगी युक्त परिसर को स्वच्छ रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

इस प्रकार के मार्गदर्शन से ग्राम पंचायत धनगांव के महिलाओं ने संकल्प लिया कि गांव में साफ सफाई के लिए हम सजग रहेंगे तथा गांव में किसी प्रकार का नशापन नहीं होने देंगे और हम अपना जीवन को सुधार करने के लिए कोई ना कोई ऐसा व्यवसाय करेंगे जिसे हमारी आर्थिक व्यवस्था में सुधार हो सकेगा।

## नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मीनू वैष्णव उम्र 36 वर्ष ध.प. श्री अमितेश वैष्णव निवासी वार्ड नं. 04 शिवनगर ढाबा रोड शहर तह. व जिला राजनांदगांव (छ.ग.) की निवासी हूँ।

यह शपथ करती हूँ कि मैं अपना पुराना नाम मीनू साहू आ. श्री महेश साहू से बदलकर नया नाम मीनू वैष्णव ध.प. श्री अमितेश वैष्णव रख ली हूं।

अतः मेरे नये नाम मीनू वैष्णव ध.प. श्री अमितेश वैष्णव को समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में दर्ज किया जाये। अब से मुझे मीनू वैष्णव ध.प. श्री अमितेश वैष्णव से ही जाना व पहचाना जावे। जिस हेतु छत्तीसगढ़ राजपत्र (गजट) में प्रकाशित करना चाहती हूँ।

**मीनू वैष्णव**
ध. प. श्री अमितेश वैष्णव निवासी वार्ड नं. 04 शिवनगर ढाबा रोड शहर तह. व जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

## बीजापुर में माओवादियों ने पेटी ठेकेदार को पीट-पीटकर मार डाला, साथी ने भागकर बचाई अपनी जान

बीजापुर। कमजोर पड़ चुके माओवादियों ने फिर एक बार कायराना करतूत करते हुए पामेड़ थाना क्षेत्र के ग्राम मेटागुड़म में सड़क निर्माण के दौरान नारायणपुर निवासी पेटी ठेकेदार इम्तियाज़ अली की निर्ममता से पीट-पीटकर हत्या कर दी है। घटना रविवार शाम की बताई जा रही है। ठेकेदार के एक सहयोगी ने किसी तरह मौके से भागकर इरापल्ली के मेटागुड़म सुरक्षा कैंप में पहुंचकर पूरी घटना की जानकारी दी। उसके अनुसार, निर्माण कार्य रोकने की चेतावनी को लेकर माओवादी ठेकेदार को अपने साथ ले गए थे और उसके साथ मारपीट की गई थी।

# सांसद प्रतिनिधि हरीश शर्मा ने संतोष पाडेय का जताया आभार



**स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी समस्याओं के समाधान हेतु प्रयास करने का मिला निर्देश, बैठकों में सांसद प्रतिनिधि के रूप में रहेंगे उपस्थित**

राजनांदगांव (दावा)। सांसद प्रतिनिधि हरीश शर्मा ने राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडेय से उनके कार्यालय में जाकर मुलाकात की और उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सांसद ने हरीश शर्मा का फूल माला और गुलदस्ते से स्वागत किया और दोनों ने एक दूसरे को बधाई और शुभकामनाएं दी।

### मुलाकात के दौरान चर्चा

मुलाकात के दौरान सांसद संतोष पांडेय ने हरीश शर्मा को स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास करने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों को पत्र के माध्यम से निर्देशित किया कि स्वास्थ्य विभाग में होने वाली बैठकों में हरीश शर्मा को सूचना दी जाए और वे उनकी अनुपस्थिति में सांसद के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर अशुतोष सिंह, मनोज निर्वाणी और अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे। जिनमें मुकेश बघेल, गुंटकल राजू यादव, मनोज साहू, बिट्टू गुप्ता, त्रिगुण सदानी, नोहर साहू, चंद्रगृह साहू, विनोद श्रीरंग, दुर्गेश यादव, रतन ठाकुर, दीपेश शिंदे, अभिषेक श्रीवास्तव, अभिनव श्रीवास्तव, अनिल नागवंशी, देवकुमार निर्वाणी, उमेश साहू, गौरव सोनभद्र, रजत वैष्णव, संभव वेद, अभिषेक सेन, प्रतिश गौतम, विकास गजभिए, प्रमोद साहू, कृष्णा तिवारी, अतुल रायजादा, कैलाश शर्मा, किशन यादव, आकाश चोपड़ा, संजय लडवान, अनुराग चौरसिया, आशीष डोंगरे, विनय बिंदल, यादव साहू, मनीष गोलछा और अरविंद वेद आदि शामिल थे। सभी ने सांसद का धन्यवाद दिया और हरीश शर्मा को बधाई और शुभकामनाएं दी।

# भाजपा सरकार शिक्षकों को परेशान कर भेज रही जेल- भूपेश बघेल

**अम्बागढ़ चौकी/मोहला(दावा)।** पूर्व सीएम भूपेश बघेल रविवार को मोहला-मानपुर विधानसभा के कोरचाटोला पहुंचे। इस मौके पर वे कोरचाटोला में किसान बैईठका में शामिल हुए। सर्वप्रथम भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति में माल्यार्पण कर मांदरी की पारंपरिक नृत्य के साथ भूपेश बघेल का स्वागत किया गया। सभा को जिला अध्यक्ष सुरजीत सिंह ठाकुर, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान, खुज्जी विधायक भोलाराम साहू ने भी संबोधित किया और एक स्वर में सबने भूपेश बघेल के सरकार में किए गए विकास कार्यों को गिनाया। छत्तीसगढ़ के विकास पुरुष, नया जिला बनाने वाला, धान के दाम बढ़ईया, आत्मानंद स्कूल खोलने वाला, किसान जवान के विकास करने वाला, खेल खुद के दिशा में कार्य करने वाला, आजीविका के साधन देने वाला पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का स्वागत किया।

### बीजेपी शिक्षकों को कर रही परेशान

पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने किसान बईठका को संबोधित करते हुए कहा कि कोरचाटोला के बच्चों ने शिक्षक की मांग किया उसे लेकर ग्रामीणों ने चक्काजाम किया। जिसमें शिक्षा की प्रकाश एवं शिक्षक के मांग को लेकर चक्काजाम पर भाजपा सरकार ने इन्हें जेल में डाल दिया। आज मैं इन सबका सम्मान करता हूं। उन्होंने आगे कहा कि, बच्चे शिक्षक को ढूंढ रहे है, शिक्षक मतदाता को ढूंढ रहे और मतदाता अपने परिवार को ढूंढ रहा है। भाजपा शासन में यही सरकार का कार्य हो गया है। आज कल भाजपा शासन शिक्षकों को कुत्ता की गिनती करने का कार्य भी दिया है। राशन कार्ड में भी ईकेवायसी करा रहे है जिसमें लगभग 30 लाख कार्ड अब कट जाएंगे। किसानों को एग्रीस्टेक करा रहे है जिसमें किसान परेशान है। रकबा और खसरा में फेर कर रहे है, अनावरी में रकबा काट दिए है। ऑनलाइन टोकन के कारण किसान परेशान है। 2 मिनट में ऑनलाइन टोकन खतम हो जा रहा है। किसान परेशान होकर गला काट रहे है, यहां फिर से 15 साल के भाजपा सरकार का पुनरावृत्ति हो रहा है। जब किसान फिर से आत्महत्या करने के लिए मजबूर हो रहे है। आज जो रोजगार के लिए, महिला के लिए, जवान के लिए, धान खरीदी के लिए आंदोलन कर रहे है उन्हें जेल भेज रहे है। आदिवासी मुख्यमंत्री आदिवासियों का ही धान खरीदी नहीं कर रही है बल्कि शोषण कर रही है। वन पट्टा के धान को नहीं खरीद रहे है।



कोरचाटोला में किसान बैईठका में शामिल हुए

### महादेव सट्टा के नाम पर मेरे बेटे को भेजा जेल

उन्होंने आगे कहा कि, महादेव सट्टा के नाम पर मेरे बेटे को जेल भेज दिया। करोड़ों रुपए हर फेर का आरोप भूपेश बघेल पर लगाया पर मेरे घर में क्या मिला बस 33 लाख और मोदी काला धन लाया क्या? नोटबंदी जिसमें एक झटके में पांच सौ और हजार के नोट बंद। मोदी के राज में काला धन रखने वालों का नोट सफेद हो गया पर आम आदमी का गिने चुने नोट को जमा करवा कर अन्याय कर दिया ये भाजपा और मोदी का काम है। जो माता बहन एक एक नोट जमा करके रखा था उसे बिना परिवार वाला मोदी जी नहीं समझ सकते है। मोदी की गारंटी में पंचायत में धान खरीदी का पैसा आज तक किसी को मिला। पुलिस भर्ती में आत्महत्या ही रहा है। पी डब्लू डी के पेपर में बाहर बैठकर नकल हो रहा है। सीबीआई के अधिकारी ही भ्रष्टाचार में फंस रहे है। विष्णु शासन काल में कोयला अदानी, लोहा अदानी, एयरपोर्ट्स अदानी, रेलवे अदानी ये छत्तीसगढ़ नहीं अदानीगढ़ हो गया है।

### भाजपा शासन में किसान चिंतित- विधायक इंद्र शाह मंडावी

विधायक इंद्र शाह मंडावी ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार सबसे ज्यादा अन्याय अगर किसी के साथ करती है तो ओ किसान साथी है। आज से पहले भी 15 साल तक अगर किसान की खून पसीना की कमाई को पानी का मोल करने का कार्य अगर किसी ने किया था तो वो भी भाजपा की सरकार थी। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में जब हमारी थी तब किसानों के लिए नवा बिहान आया था जब किसान साथी के मान सम्मान और पसीने की कमाई की एक एक दाना धान हमारी सरकार खरीदी और सबसे ज्यादा उसका कीमत भी दिया। आज भाजपा के शासन में किसानों के साथ साथ आम लोगों को भी परेशान किया जा रहा है पुलिस प्रशासन के द्वारा झूठे मामलों में फंसाकर जेल भेजा जा रहा है। जब हमारी सरकार थी भूपेश बघेल के नेतृत्व में जिला बनाया, तहसील बनवाया, आत्मानंद स्कूल खुलवाए, पुल-पुलिया, सड़क बनवाए पर ये सरकार केवल उद्योगपति और व्यापारियों के लिए कार्य करती है। मंडियों में किसानों को धान बेचते में दिक्कत हो रही है, टोकन नहीं कट रहा है, रकबा में कटौती हो गया है जबकि कोचिया आसानी से धान बेच रहे है। भाजपा शासन में किसान चिंतित और आशंकित है कि कब किसान के मेहनत के धान को भी सरकार खरीदने से मना कर दे।

### चक्काजाम में जेल जाने वाले लोगों का सम्मान

शिक्षकों की मांग को लेकर कोरचाटोला वासियों ने 7 जुलाई को चक्काजाम किया था जिस पर 7 नवंबर को आंदोलन में शामिल लोगों को जेल जाना पड़ा मोहन मेश्राम, दयाशंकर गंजीर, निमेष साहू, नरसिंह मंडावी, अशोक तिवारी, निलेश लांझे वार, पीतांबर साहू, भाव सिंह तोपसे का शाल श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के विधायक इंद्रशाह मंडावी, खुज्जी विधायक भोलाराम साहू, पूर्व विधायक तेजकुंवर नेताम, नवाज खान, जिलाध्यक्ष सुरजीत ठाकुर, संजय जैन, विद्या ताम्रकार, राजकुमारी सिन्हा, रितेश मेश्राम सहित कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता ने किसानों के साथ बातचीत किया।

# तीरंदाजी ध्यान, धैर्य, एकाग्रता और अनुशासन का खेल - अरूण साव

### 0 तीरंदाजी से जीवन के हर प्रकार की परिस्थितियों से लड़ने की मिलती है ताकत

### 0 उप मुख्यमंत्री अरूण साव तीरंदाजी प्रतियोगिता में हुए शामिल

राजनांदगांव (दावा)। उपमुख्यमंत्री अरूण साव अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम परिसर राजनांदगांव में संस्कारधानी तीरंदाजी संघ द्वारा आयोजित एक दिवसीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने खिलाडियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश के भावी तीरंदाजों से मिलने का अवसर मिला है, यह मेरे लिए गौरव का क्षण है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में खेल एवं खिलाडियों को आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे है। खेलो इंडिया के माध्यम से देश में खेल और खिलाडियों के लिए एक सकारात्मक वातावरण बना है। प्रधानमंत्री सभी खेलों और खिलाडियों को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी देश के खिलाडियों द्वारा अंतर्राष्टीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि हासिल करने पर खिलडियों के साथ खुशियां साझा करते है और असफलता मिलने पर खिलाडियों का हौसला बढ़ाने के साथ प्रोत्साहित भी करते है। शासन द्वारा वर्ष 2047 तक विकसित भारत निर्माण के लिए संकल्प को पूरा करने तथा खेल के क्षेत्र में भारत को अग्रणी बनाने के लिए योजना बनाकर कार्य किया जा रहा है।





उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि तीरंदाजी प्राचीनकाल से ही देश का गौरव रहा है। भारत की धरती से अर्जुन, अभिमन्यु सहित अन्य प्रसिद्ध तीरंदाज हुए। उन्होंने कहा कि तीरंदाजी का खेल ध्यान, धैर्य, एकाग्रता और अनुशासन का खेल है और यह व्यक्ति को मजबूत बनाता है। हमारे ऋषि, मुनि, संतों ने कहा है कि ध्यान से जो आंतरिक ताकत और ऊर्जा मिलती है, उसकी कल्पना करना कठिन है। एक अच्छा एवं बड़ा तीरंदाज बनने के लिए ध्यान, धैर्य, एकाग्रता और अनुशासन आवश्यक है। तीरंदाजी से जीवन के हर प्रकार की परिस्थितियों से लडने की ताकत मिलती है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार खेल और खिलाडियों की तरक्की और बेहतरी के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि जूनियर तीरंदाजी में गोल्ड मेडल जीतने वाली छत्तीसगढ़ की चांदनी साहू को राज्य सरकार द्वारा महाराजा प्रवीरचंद्र भंजदेव सम्मान से सम्मानित किया गया है। उन्होंने प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले सभी प्रतिभागियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी और सभी खिलाडियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही तीरंदाजी के लिए बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए अभिभावकों की प्रशंसा की। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में राष्टीय एवं अंतर्राष्टीय स्तर पर तीरंदाजी के क्षेत्र में यह बच्चे देश का नाम रौशन करेंगे। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा राजनांदगांव जिले में तीरंदाजी खेल को प्रोत्साहित करने एवं आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव सहयोग दिया जाएगा।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष जितेन्द्र साहू, पूर्व विधायक रामजी भारती, कोमल सिंह राजपूत, सचिन बघेल, श्रीमती गीता साहू, सौरभ कोठारी, रमेश पटेल, तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष राजेंद्र गोलछा, संरक्षक कमल किशोर साहू, राधेश्याम गुप्ता, राहुल साहू, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ हॉकी संघ फिरोज अंसारी, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा, एसडीएम गौतम पाटिल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, तीरंदाजी संघ के पदाधिकारी, खिलाड़ी, अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष के लिए किए सर्वाधिक 18 लाख रुपए संग्रहित



राज्यपाल रमेन डेका ने कलेक्टर को किया सम्मानित

रायपुर। राज्यपाल रमेन डेका ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में इस वर्ष प्रदेश में सर्वाधिक 18 लाख रुपए के धन संग्रहण के लिए रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह को सम्मानित किया. रायपुर जिले की इस उपलब्धि से सैन्य कर्मियों और उनके परिजनों के कल्याण हेतु जनसहभागिता को और मजबूती मिलेगी.

बता दें कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस या झंडा दिवस प्रत्येक वर्ष 7 दिसंबर को मनाया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य भारतीय सेना के जवानों का आभार प्रकट करते हुए सेना के लिए धनराशि एकत्र करना है, जिसकी जरूरत आजादी के बाद ही भारतीय सशस्त्र बलों के कर्मियों और सेना के कल्याण हेतु लगी. इस दिवस पर धन संग्रह के तीन मुख्य उद्देश्य होते हैं. पहले युद्ध के समय हुई जनहानि में सहयोग, दूसरा सेना में कार्यरत कर्मियों और उनके परिवार के कल्याण और सहयोग हेतु और तीसरा सेवानिवृत्त कर्मियों और उनके परिवार के कल्याण के लिए. इस दिवस पर धन-संग्रह सशस्त्र सेना के प्रतीक चिन्ह झंडे को बांट कर किया जाता है. इस झंडे में तीन रंग (लाल, गहरा नीला और हल्का नीला) तीनों सेनाओं को प्रदर्शित करते हैं.

# राजनांदगांव में शुरू होगी आरएफएल फुटबॉल लीग

**राजनांदगांव (दावा)।** संस्कारधानी में फुटबॉल प्रेमियों के लिए एक बार फिर बड़ी सौगात मिलने जा रही है। राजनांदगांव फुटबॉल लीग का आयोजन आगामी 1 जनवरी से 10 जनवरी 2026 तक स्टेट हाई स्कूल ग्राउंड, राजनांदगांव में किया जाएगा। यह फ्लड लाइट 7-ए-साइड फुटबॉल लीग का दूसरा वर्ष है, जिसमें जिले के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अपनी क्षमता दिखाने का शानदार अवसर मिलेगा।




1 से 10 जनवरी तक होगा रोमांचक मुकाबला

### 12 फ्रेंचाइजी और 150 से अधिक खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में कुल 12 फेंचाइजी और 150 से अधिक खिलाड़ी भाग लेने जा रहे हैं। आयोजन को लेकर युवाओं में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है, वहीं खेल प्रेमी भी बड़ी संख्या में दर्शक के रूप में पहुंचने की तैयारी कर रहे हैं। मैचों का सीधा प्रसारण यूट्यूब लाइव पर भी किया जाएगा, ताकि बाहर के दर्शक भी इस लीग का आनंद ले सकें।

### शानदार इनाम राशि ने बढ़ाया उत्साह

आयोजकों के अनुसार प्रथम पुरस्कार 71,000 रुपये एवं विजेता कप, जबकि द्वितीय पुरस्कार 41,000 रुपये एवं विजेता कप रखा गया है। इसके अतिरिक्त मैन ऑफ द मैच, प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट, गोल्डन बूट, बेस्ट गोलकीपर, बेस्ट स्ट्राइकर और बेस्ट डिफेंडर जैसी कई आकर्षक व्यक्तिगत श्रेणियों में भी पुरस्कार दिए जाएंगे।

### नीलामी व पंजीयन की तिथियां घोषित

टीमों की नीलामी 14 दिसंबर (रविवार) को होगी, जबकि खिलाड़ियों का पंजीयन 8 दिसंबर 2025 (सोमवार) तक किया जाएगा। फ्रेंचाइजी शुल्क 25,000 रुपये एवं खिलाड़ी पंजीयन शुल्क 500 रुपये निर्धारित किया गया है। उल्लेखनीय है कि केवल राजनांदगांव, खैरागढ़ एवं मोहला-मानपुर जिले के खिलाड़ी ही इसमें पंजीयन कर सकेंगे।

### आयोजकों ने युवाओं से की अपील


आयोजन समिति काका फुटबॉल क्लब एवं समस्त खिलाड़ीगण स्टेट हाई स्कूल ग्राउंड द्वारा किया जा रहा है। आयोजकों का कहना है कि यह लीग न केवल जिले की खेल प्रतिभाओं को मंच देगी, बल्कि युवाओं को नशे और अपराध से दूर रखने का भी एक सकारात्मक प्रयास है। टीम ओनरशिप, स्पॉन्सरशिप एवं अन्य जानकारी के लिए विक्की साहू- 94255-77589, अमन वर्मा- 93402-08882 से संपर्क किया जा सकता है। 'खेलों को अपनाइए, स्वास्थ्य और संस्कार को बचाइए, नशे से दूर रहे, खेलों से जुड़ें।'

# सोमनी पुलिस की कार्रवाई : अवैध शराब बेचते दो आरोपी गिरफ्तार, 29 पौवा अंग्रेजी शराब और बिक्री की रकम जब्त

राजनांदगांव (दावा)। पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देश पर, जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर नकेल कसने के अभियान के तहत थाना सोमनी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है।







पुलिस ने अवैध रूप से शराब बिक्री करते हुए दो आरोपियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार नामदेव के नेतृत्व में गठित सोमनी पुलिस टीम ने ग्राम कोपेडीह में कल्याणी इस्पात गेट के पास घेराबंदी कर दो व्यक्तियों को पकड़ा गया।

### जब्त सामग्री और आरोपी

गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान मुकेश साहू उम्र 35 साल और हेमंत देशमुख उम्र 32 साल दोनों निवासी ग्राम कोपेडीह थाना सोमनी के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से पृथक-पृथक कुल 29 पौवा जम्मु स्पेशल अंग्रेजी शराब जब्त की। जब्त शराब की मात्रा 5.22 लीटर है। जिसका बाजार मूल्य 3,480 रूपए आंका गया है। इसके अलावा अवैध बिक्री से प्राप्त 840 रूपए की नकद राशि भी जब्त की गई है।

### आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज

दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत पृथक-पृथक अपराध पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों पर विधिवत कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया और उन पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही भी की गई है। थाना प्रभारी सोमनी ने बताया कि अवैध शराब बिक्री/परिवहन, असामाजिक तत्वों और सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वालों के विरुद्ध यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

# छुईखदान में 40 गांव के लोगों के विरोध के बावजूद जनसुनवाई दुर्भाग्यजनक, आप ने गठित की कमेटी - उत्तम जायसवाल

छुईखदान (दावा)। खैरागढ़ जिले में श्री सीमेंट लिमिटेड की प्रस्तावित संडी चूना पत्थर खदान परियोजना के खिलाफ 40 गांव के लोगों के विरोध को लेकर आम आदमी पार्टी के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष उत्तम जायसवाल का कहना है कि विगत दिनों मामले में प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों का घायल होने के बावजूद सरकार द्वारा 11 दिसंबर को जनसुनवाई की अनुमति देना दुर्भाग्यजनक है। जब प्रभावित गांवों ने पहले ही सामूहिक रूप से परियोजना का विरोध जता दिया है, तो जनसुनवाई कराने का कोई औचित्य नहीं रह जाता। और जानकारी मिली है कि क्षेत्र में कंपनी के एजेंट गांव वालों से फर्जी तरीके से समर्थन में हस्ताक्षर करवा रहे हैं जिसका लोगों ने विरोध किया है। सरकार सिर्फ उद्योगपतियों को फायदा पहुँचाने में लगी है। आम जनता की मांगों को सरकार अनदेखी कर रही है। उन्होंने बताया कि इस मामले की जांच हेतु आम आदमी पार्टी की ओर से 10 सदस्य जांच समिति समिति गठित की गई है, जो संबंधित 40 गांव के लोगों से मिलकर उनकी मांगों और विरोध की धरातल पर जांच करेगी। आम आदमी पार्टी ने प्रदेश सचिव पवन चंद्रवंशी के नेतृत्व में संजीत विश्वकर्मा, देवेंद्र सिंह भाटिया, भूपेश तिवारी, मनोज गुप्ता, राजेंद्र सोनी चित्रा गुरुदेव, अजय सिंह ठाकुर, श्याम मूर्ति नायडू और कमलेश स्वर्णकार को जांच समिति के सदस्य बनाया गया है। उत्तम जायसवाल ने इस मामले में चेतावनी दी है कि यदि प्रस्तावित जनसुनवाई को रद्द नहीं किया तो पार्टी समस्त ग्रामीणों के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन करेगी।

# महतारी वंदन योजना : तुरंत करा लें ये काम वरना खाते में नहीं आएगी 23वीं किस्त

रायपुर। छत्तीसगढ़ की महतारियों के लिए जरूरी खबर है. अगर जल्द ही महतारी वंदन योजना का लाभ लेने वाली 4.18 लाख महतारियों ने ई-केवाय नहीं कराया तो उनके खाते में अगली किस्त के पैसे अटक सकते हैं. महिला एवं बाल विकास विभाग की अधिकारियों के मुताबिक योजना की रकम सीधे खातों में आए इसलिए महिलाओं को ई-केवायसी कराना जरूरी है. छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना के तहत हर महीने 69 लाख 26 हजार 466 महिलाओं को 1000 रुपए की किस्त जारी की जा रही है. इन पात्र महिलाओं में से अब तक 4 लाख 18 हजार 631 महिलाओं ने ई-केवायसी नहीं कराई है. इस वजह से महिलाओं की पहचान नहीं हो पा रही है. अधिकारियों का कहना है कि ऐसे में इन महिलाओं की योजना की अगली किस्त अटक सकती है.




### दो-दो योजनाओं का लाभ

अधिकारियों ने बताया कि महतारी वंदन योजना की रकम सीधे महिलाओं के खाते में आती है. खाद्य विभाग की ओर से कराई गई चङ्ख्ष्ट के बाद पता चला है कि कई ऐसे हितग्राही महिलाएं हैं, जो महतारी वंदन योजना के साथ-साथ अन्य योजनाओं का लाभ ले रही हैं. इस वजह से महिलाओं को ई-केवायसी कराना जरूरी है. महिलाएं ग्राम पंचायत और वाहों में लाकर केवाईसी करा सकती हैं.

हाल ही में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मोहला-मानपुर-अंबागढ़ जिले में आयोजित एक कार्यक्रम में महतारी वंदन योजना की 22वीं किस्त जारी की थी. उन्होंने महिलाओं के खाते में 1000-1000 रुपए की रकम ट्रांसफर की थी. प्रदेश की 67 लाख 78 हजार 674 महिलाओं के खाते में 22वीं किस्त के 633.89 करोड़ रुपए ट्रांसफर किए गए थे. बता दें कि इस योजना के तहत हर महीने 1000 रुपए की राशि महिलाओं को दी जाती है.

# आजादी के 75 वर्ष बाद भी गांव वाले को नहीं मिली कीचड़ से मुक्ति - भागवत वर्मा



डोंगरगढ़ (दावा)। युवा उपसरपंच भागवत वर्मा ने ग्राम की प्रमुख समस्याओं के संबंध में उपमुख्यमंत्री अरूण साव से की मुलाकात कर ग्राम कि प्रमुख समस्याओं से अवगत कराते हुए बताया कि ग्राम पंचायत मुख्यालय पहुंचने का मार्ग कीचड़ से सराबोर है।आजादी के 75 साल बाद भी किचड़ से आजादी नहीं मिल पाई, ग्रामीणों को पंचायत मुख्यालय जाने पक्की सड़क की दरकार है आश्रित ग्राम विष्णुपुर का हाल बेहाल है विकास महज सपना बना हुआ है विकास के दावों के बीच विडंबना ही कहा जाए कि अंचल में ऐसा गांव भी है, जहां तक पहुंचने के लिए अब तक सड़क तक नहीं बन सकी है। बरसात में विष्णुपुर के लोगों को आवागमन में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है और लगभग 10 से 15 किलोमीटर की अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है। विष्णुपुर व सेम्हरा के कक्षा छठवीं से बारहवीं व कालेजों के बच्चे इसी मार्ग से शिक्षा प्राप्त करने जाते हैं। यहां आवागमन का कोई साधन उपलब्ध नहीं ग्रामीण यातायात, शिक्षा, स्वास्थ्य, राशन व अन्य सुविधाओं से वंचित हो रहे हैं विष्णुपुर ,सिरसाही व सेम्हरा के किसान व मजदूर परेशान हैं। इन सभी समस्याओं से अवगत कराते हुए उपसरपंच भागवत वर्मा ने उपमुख्यमंत्री से विष्णुपुर से खुर्सीपार पहुंच मार्ग को पक्की (डामरीकरण) सड़क निर्माण कराने के लिए मांग पत्र सौंपा।

## अनमोल दावा

> गिरकर उठना सीख लो, यही असली जीवन है।

## लेन-देन की भेंट चढ़ा एक पवित्र रिश्ता, बढ़ती ही जा रही दहेज की मांग

क्षमा शर्मा के लेख में दहेज प्रथा की भयावहता पर प्रकाश डाला गया है। उच्चतम न्यायालय ने भी इसे विवाह जैसे पवित्र बंधन के लिए खतरा बताया है। एक तरफ जहां कुछ लोग दहेज लौटाकर मिसाल कायम कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ दहेज के लालच में महिलाओं के साथ क्रूरता की घटनाएं कम नहीं हो रही हैं। दहेज के कारण हजारों महिलाओं की जान जा रही है, और यह सामाजिक अभिशाप आज भी जारी है।

दहेज को लेकर बीते दिनों एक ही दिन दो खबरें छपीं। पहली खबर में उच्चतम न्यायालय ने एक मामले की सुनवाई में कहा कि विवाह एक पवित्र बंधन है। यह आपसी विश्वास और परस्पर सम्मान पर टिका है, किंतु दुख की बात यह है कि दहेज की बुराई की वजह से यह पवित्र रिश्ता व्यावसायिक लेनदेन बनकर रह गया है। दूसरी खबर उम्मीद जगाने वाली थी। इस खबर के अनुसार एक लड़के ने शादी में मिले 31 लाख रुपये यह कहते हुए लौटा दिए कि वह लड़की के पिता की मेहनत की कमाई को नहीं ले सकता। ऐसी खबरें उम्मीद भी जगाती हैं। हो सकता है कि एक दिन ऐसा आए जब दहेज बीती बात हो जाए, लेकिन फिलहाल ऐसा होता नहीं दिखता, क्योंकि उच्चतम न्यायालय ने अपने समक्ष पेश मामले में यह भी कहा कि दहेज की बुराई को अक्सर उपहार या मर्जी से दिए गए चढ़ावे के रूप में छिपाने की कोशिश की जाती है, लेकिन असल में वह सामाजिक रुतबा दिखाने और पैसे के लालच को पूरा करने का जरिया बन गया है।

न्यायालय ने यह टिप्पणी एक ऐसे व्यक्ति की जमानत याचिका रद करते हुए की, जिस पर आरोप था कि उसने पत्नी को शादी के चार महीने बाद दहेज के लिए जहर दे दिया। शीर्ष न्यायालय ने यह माना कि दहेज एक बहुत गंभीर अपराध है और इसके कारण महिलाओं पर अन्याय हो रहा है। दहेज की मांगों के कारण क्रूरता भी बढ़ती जाती है। एक महिला की कोई गलती नहीं होती, लेकिन दूसरों के लालच के कारण उसकी जान चली जाती है।

सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी पढ़कर करीब चार दशक पहले दूरदर्शन पर प्रसारित एक कार्यक्रम याद आ गया। उसमें एक अस्पताल के बर्न वार्ड से एक ऐसी महिला का इंटरव्यू दिखाया गया था, जिसे उसके पति ने जला दिया था। जब दूरदर्शन के लिए यह कार्यक्रम बनाने वाले लोग इस स्त्री के पति के पास पहुंचे थे तो वह पूरी बातचीत में मुस्कुराता रहा था, जैसे उसने कोई बहुत बड़ा काम किया हो।

उसी दौरान एक महिला की बेटी को दहेज के लिए जलाकर मार दिया गया था। यह वृद्ध महिला उन दिनों स्त्री संगठनों द्वारा आयोजित हर धरने-प्रदर्शन में आती थी और अपनी बेटी के साथ हुए अन्याय को बताती थी। बाद में उन्होंने शक्तिशालिनी नाम से एक संगठन भी बनाया। कुछ समय पहले प्रायः अखबारों में ऐसी खबरें आती थीं कि स्टोव फटने के कारण बहू की जलने से मौत हो गई। बहुत बार तो घरों में रसोई गैस होने के बावजूद बहू को न जाने क्यों स्टोव पर खाना बनाना पड़ता था? सच यही है कि कोई स्टोव फटता नहीं था, बल्कि बहू पर मिट्टी का तेल छिड़ककर आग लगा दी जाती और उसे दुर्घटना का रूप दे दिया जाता था। यह स्थिति संपन्न कहे जाने वाले घरों तक में थी।

यही कारण है कि देश में दहेज संबंधी धारा 498 ए काफी कठोर है। यदि किसी महिला की शादी के सात वर्ष के अंदर जलने या किसी चोट से मृत्यु हो जाती है, तो उसे न्याय संहिता की धारा 80 के अंतर्गत दहेज हत्या के रूप में ही देखा जाता है। वर्ष 1961 में बनाए गए दहेज निरोधक अधिनियम के अंतर्गत दहेज लेना या देना अपराध है, मगर देखा यह गया है कि कानून एक तरफ है और समाज अपनी गति से चलता है। जैसे-जैसे उपभोक्ता वस्तुओं का बाजार बढ़ा है, दहेज की मांग भी उसी तरह सुरसा के मुंह की तरह बढ़ती गई है। पहले जो काम साइकिल से चल जाता था, वह अब कार से भी नहीं चलता। बहुत से लोग ऐसे भी हैं, जो दहेज का इस रूप में समर्थन करते हैं कि नई गृहस्थी सुचारु रूप से चल सके, इसके लिए सामान के लेनदेन की प्रथा शुरू की गई।

एनसीआरबी के अनुसार 2017 से 2023 के पांच सालों में भारत में प्रति वर्ष दहेज के कारण सात हजार मृत्यु दर्ज की गईं। एनसीआरबी के आंकड़े के अनुसार 2023 में दहेज से संबंधित अपराधों में 14 प्रतिशत की वृद्धि हुई और अदालतों में दहेज के हजारों मामले लंबित हैं। स्पष्ट है कि दहेज अब भी एक गंभीर समस्या है। कुछ समय पहले विश्व बैंक ने भारत के ग्रामीण इलाकों में हुई शादियों का एक अध्ययन किया था। इसमें पाया गया कि 95 प्रतिशत विवाह में दहेज दिया गया। इस अध्ययन से यह भी पता चला कि पांच सालों में छह हजार से अधिक हत्याओं के पीछे सीधे तौर पर दहेज का हाथ था।

ऐसे नारे आज भी दिखाई देते हैं कि दहेज लेना और देना अपराध है, लेकिन बढ़ते उपभोक्तावाद, दिखावे की इच्छा और तड़क-भड़क वाली शादियों की मांग ने दहेज में कई गुना वृद्धि की है। जिसका जितना बड़ा सरकारी पद, उसे उतना ही अधिक दहेज। इसमें दहेज देने वाले माता-पिता की भूमिका भी होती है। अफसोस यह कि लोग दूसरों के सामने उदाहरण पेश करते हैं कि देखो फलां के विवाह में इतनी नकदी और इतना सामान मिला, तो हमारा बेटा क्या किसी से कम है। कुछ साल पहले एक महिला ने बताया था कि उसके एक रिश्तेदार का यूपीएससी में चयन हो गया तो अगले ही दिन एक व्यक्ति सूटकेस भरकर नोट लेकर उनके घर पहुंच गया। हम अक्सर महिलाओं की स्थितियां सुधारने की बातें करते हैं, लेकिन न जाने क्यों दहेज जैसे राक्षस से नहीं निपट पाते। आज के दौर में जब बड़ी संख्या में लड़कियां पढ़-लिख रही हैं, अपने पांवों पर खड़ी हो रही हैं, तब दहेज को अपने आप खत्म हो जाना चाहिए था।

## चुनाव सुधार



**स्वपन दास गुप्ता**

पचास साल से भी अधिक समय पहले, भारतीय राजनीति के एक प्रतिष्ठित ब्रिटिश विद्वान ने व्यंग्यपूर्वक टिप्पणी की थी कि चुनाव उन चीजों में से एक हैं 'जिन्हें भारतीय बहुत अच्छे से संपन्न करते हैं।' भारतीय लोकतंत्र के स्थायी रूप से स्थगित हो जाने या ''निर्देशित'' हो जाने की आशंका (जो पूरी तरह से गलत नहीं थी) की पृष्ठभूमि में, चुनावी प्रक्रिया की पवित्रता को सार्वजनिक जीवन की एक उद्धारक विशेषता के रूप में देखा जाता था। लोकतंत्र के इस प्राथमिक स्तंभ की अंतिम पुष्टि 1977 में तब हुई, जब आपातकाल की छाया के बावजूद, भारत के मतदाताओं ने एक अधिनायकवादी शासन को वोट के जरिये सत्ता से बाहर कर दिया। चुनाव आयोग (ईसीआई) की यह सुनिश्चित करने की क्षमता कि जनमानस की इच्छा विधायिकाओं में परिलक्षित हो, स्वतंत्रता प्राप्ति के पिछले सात दशकों में बार-बार परखी गई है। हालाँकि, मार्ग से विचलित होने के उदाहरण मौजूद हैं-इनमें 1972 का पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव और 1987 का जम्मू-कश्मीर चुनाव, दो उल्लेखनीय उदाहरण हैं- लेकिन, भारत का चुनावी अनुभव आमतौर पर राजनीतिक प्रणाली की वैधता बनाए रखने में सहायक रहा है।

जैसा कि सर्वाधिक मत से जीत की प्रणाली (फर्स्ट-पास्ट-द-पोस्ट) में होता है, जो विधायी बहुमत को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाती है, ऐसे उदाहरण भी हैं, जब हारने वाले लोग हैरानी में रह गए जिनके चुनावी अभियान के अनुभव परिणाम से मेल नहीं खाते थे। 1971 में, एक पराजित पक्ष ने जोर देकर कहा कि सोवियत-निर्मित ''अदृश्य स्याही'' के उपयोग ने इंदिरा गांधी को शानदार जीत हासिल करने में मदद की। उपग्रह द्वारा ईवीएम के हेरफेर के ऐसे ही अविश्वसनीय दावे 2009 के आम चुनाव के बाद भी सुने गए थे।

जो कभी साजिश सिद्धांतकारों का विशेषाधिकार हुआ करता था, वह पिछले वर्ष अब हाशिए का मुद्दा नहीं रहा है। अपनी पार्टी के संख्या-विश्लेषकों से प्रोत्साहित होकर, जिनकी भविष्यवाणियाँ परिणाम से भिन्न थीं, विपक्ष के नेता ने मतदाता सूचियों की सत्यता को चुनौती दी है। जोरदार दावे किए गए हैं कि चुनाव आयोग विशेष गहन पुनरीक्षण का उपयोग कर अल्पसंख्यक मतदाताओं को इस आधार पर बाहर करने पर विचार कर रहा है कि वे भारतीय नहीं भी हो सकते हैं। यह विवाद पश्चिम बंगाल के राजनीतिक दलों के बीच खींचतान का विषय बन चुका है और यह असम तथा अन्य पूर्वोत्तर राज्यों में भी फैल सकता है।

चूंकि संविधान का अनुच्छेद 321 और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम चुनाव आयोग को चुनाव के संचालन के संबंध में ''विशेष क्षेत्राधिकार'' देता है, इसलिए चुनावी प्रक्रिया को राजनीतिक हस्तक्षेप से दूर रखा गया है। दशकों से चुनाव आयोग ने चुनावों की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए कई नवाचार पेश किए हैं। सबसे महत्वपूर्ण उपायों में आदर्श आचार संहिता शामिल है, जो अप्रिय राजनीतिक व्यवहार पर अंकुश लगाती है और ईवीएम ने वोटों में हेरफेर को और अधिक कठिन बना दिया है, हालांकि यह असंभव नहीं है। अब मतदान केंद्रों पर पुलिस और अर्धसैनिक बलों की तैनाती के लिए नियम मौजूद हैं। इसके अतिरिक्त, प्रौद्योगिकी के प्रसार के साथ, चुनाव आयोग मतदान केंद्रों में सीसीटीवी कैमरों पर जोर दे रहा है, ताकि मर्यादा बनी रहे तथा मतदान अधिकारियों और मतदाताओं को डराया-धमकाया न जा सके।

निश्चित रूप से, यह सच है कि इन नवाचारों में से कोई भी पूरी तरह से दोषरहित नहीं है। मतगणना केंद्रों सहित स्थानीय स्तर पर अक्सर बाहुबल का प्रभाव रहता है और इसके संभावित रूप से विकृत परिणाम हो सकते हैं। मतदान अधिकारियों द्वारा हेरफेर के अनुभवजन्य प्रमाणों को पूरी तरह खारिज नहीं किया जा सकता। जब संसद में शीतकालीन सत्र के दौरान चुनाव सुधारों पर चर्चा होगी, तो संभव है कि देश को आदर्श लोकतांत्रिक आचरण के अन्य विचलनों के बारे में सुनने को मिले, जिनका चुनाव आयोग द्वारा समाधान किये जाने की आवश्यकता है।

लोकतांत्रिक परियोजना में एक महत्वपूर्ण हितधारक के रूप में, संसद को आम जनता के लिए अपने व्यापक चुनाव अनुभव को संकलित करने की आवश्यकता है। हालांकि, अच्छी राजनीति के बड़े लक्ष्य की प्राप्ति नहीं होगी यदि राजनीतिक कार्यपालिका चुनाव आयोग के खिलाफ आम धमकियों, जिसमें शारीरिक नुकसान भी शामिल है, का इशारा करती है और सरकारी अधिकारियों-जिनके शालीन आचरण पर पूरी प्रणाली निर्भर करती है-को अपने संवैधानिक कर्तव्यों का पालन करने से रोकती है। पश्चिम बंगाल में चल रहे एसआईआर के दौरान सत्तारूढ़ दल का आचरण शर्मनाक है।

कहने की जरूरत नहीं है कि सटीक मतदाता सूची का अस्तित्व लोकतंत्र की मूल शर्त है। यदि वंचित समुदायों के सदस्य मतदान केंद्रों से दूर रहने के लिए मजबूर किए जाते हैं, तो इसका विरोध होना स्वाभाविक है। दुर्भाग्यवश, इस बात का विरोध काफी कम होता है, जब बड़ी संख्या में लोगों को मतदाता सूची में शामिल नहीं किया जाता है या दोहरी और तिहरी प्रविष्टियाँ होती हैं, जो परिणाम को प्रभावित कर सकती है। चुनाव आयोग ने मतदाता पहचान पत्र और तस्वीरों के माध्यम से धोखाधड़ी की समस्या को सुलझाने की कोशिश की है। हालांकि, धोखेबाजों ने मृत या स्थायी रूप से स्थानांतरित लोगों के नाम पर वोट देकर चुनाव प्रणाली को चकमा देने के तरीके भी निकाल लिए हैं। पूर्वी भारत में अतिरिक्त समस्या यह है कि मतदाता सूचियों में उन व्यक्तियों को जोड़ दिया गया है, जो भारतीय चुनावों में वोट देने के लिए अयोग्य हैं।

वर्तमान में जारी एसआईआर प्रक्रिया पहला अवसर नहीं है, जब चुनाव आयोग एक व्यापक मतदाता सूची तैयार कर रहा है। हालांकि इस बड़े पैमाने के कार्यक्रम के लिए कोई निश्चित समय सारिणी, जैसे हर 10 साल में एक बार या ऐसी कोई अन्य अवधि, निर्धारित नहीं है, लेकिन यह माना जाता है कि जब तक यह आवधिक पुनरीक्षण नहीं किया जाएगा, चुनाव परिणाम जनभावना को सही ढंग से प्रतिबिंबित नहीं करेंगे।

20वीं सदी के शुरुआती दशकों में आयरलैंड के संदर्भ में कहा जाता था कि लोगों को ''जल्द वोट दें और अक्सर वोट दें'' की सलाह दी जाती थी। एक उत्साही शोधकर्ता के लिए यह दस्तावेज बनाने लायक हो सकता है कि भारत के कुछ हिस्सों में किस प्रकार की अभिनव प्रथाएँ प्रचलित हैं, जैसे मृत व्यक्तियों द्वारा मतदान या एक उम्मीदवार के मतों का उसके प्रतिद्वंद्वी के खाते में सहजता से स्थानांतरित हो जाना। एसआईआर रचनात्मक राजनीति के इन सभी उदाहरणों को इतिहास में नहीं बदल देगा, लेकिन यह वैश्विक भरोसे में थोड़ी और दृढ़ता जोड़ेगा कि भारत अपनी चुनाव प्रक्रियाओं को अच्छे से संचालित करता है। आशा यह है कि आने वाले दशकों में किसी भी राज्य या क्षेत्र के बारे में यह नहीं कहा जाएगा कि वहाँ चुनाव नहीं होते, बल्कि उन्हें ''प्रबंधित'' किया जाता है।

## विचार सरिता

# जीवन कौशल : भावनाएँ पथ की साथी हैं, उन्हें अपना मार्गदर्शक, नियंता न बनने दें

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



भावनाओं पर नियंत्रण अत्यंत आवश्यक है। जब भावनाएँ सामने आ खड़ी होती हैं तो मनुष्य दुविधा और कर्तव्यपथ पर भ्रम की स्थिति में पहुँच जाता है। कर्तव्य पथ पर भावनाएँ प्रायः मनुष्य को विचलित करने की क्षमता लिए होती हैं। ये अगर बाधक बनती हैं तो कर्मठ मनुष्य निर्ममतापूर्वक इन्हें त्यागकर आगे बढ़ जाता है।

अगर सेना की कोई टुकड़ी शत्रुओं के गढ़ पर हमला कर रही हो और कोई सैनिक केवल इस विचार से रुक जाए कि उसकी गोलाबारी की चपेट में कोई सिविलियन आ जाएगा, तब तो उसकी पराजय का खतरा उत्पन्न हो जाएगा। अगर श्रीराम 14 वर्षों के लिए वन न जाकर अयोध्या में ही रुक जाते, तो क्या होता? उन्होंने माता-पिता और प्रजा के प्रति अपनी भावनाओं पर नियंत्रण किया और दृढ़तापूर्वक वन के पथ पर चल पड़े।

अगर विद्या अध्ययन, रोजगार आदि के लिए मनुष्य के प्रवास के मार्ग में भावनाओं की बेड़ी पड़ जाए तो वह एक ही स्थान पर सिमटकर रह जाएगा और भावी सफलता से वंचित रह जाएगा।

भावनाएँ उस सीमा तक आवश्यक हैं, जहाँ तक यह मनुष्य को मनुष्य बनाए रखे और उसे उचित अवसरों पर संवेदनशील बनाए रखकर पाषाण हृदय बनने से रोके।

भावनाओं की अति बुरी है और पूरी तरह भावनाशून्य होना भी अनुचित है। दूसरे शब्दों में कहा जाए तो भावनाएँ आपके पथ का साथी हो सकती हैं, मार्गदर्शक नहीं। अतः भावनाओं से बचें और यथार्थ के धरातल पर रहें।

भावनाएं हैं आवश्यक, मनुष्य बने रहने के लिए।

निष्ठुरता है आवश्यक, सफलता को पाने के लिए।

स्वप्न और यथार्थ में संतुलन होना है आवश्यक,

यह हुनर है आवश्यक, आगे बढ़ते रहने के लिए।

## व्यंग्य - मन की बात

**विजय मिश्रा 'अमित'**



आजादी के पहले और आजादी के बाद भी हमारे देश में अलग-अलग किस्म के नेता दिखाई देते आ रहे हैं। पिछले बारह पंद्रह वर्षों से एक नेता राजनीति के जगत में धूमकेतू की तरह उभरा है। उससे आगे कोई निकल नहीं पा रहा है। वह मनमोती नेता रेसकोर्स के अव्वल घोड़े की तरह सभी नेताओं को पछाड़ते हुए अनवरत आगे बढ़ता जा रहा है। अन्य सभी नेताओं अपनी उंगली पर नचाते नाकों चने चबावा रहा है।नेतागण क्या-क्या वस्त्र धारण कर सकते हैं? यह बताने में भी मनमोती नेता जी मिसाल बने हुए हैं।

लच्छेदार बातों की जादूगरी चलाने के मामले में भी अन्य देश-दुनिया के नेतागण मनमोती जी के पीछे ही चल रहे हैं। महान चमत्कारी बाबाओं और बड़े बड़े प्रवचनकर्ताओं को भी बातों की जादूगरी के मामले में वे फेल किए हुए हैं। मनमोती जी ''मन की बात'' करते हैं। अधिकांश नेता मन की बात छुपाते हैं, किंतु मनमोती जी मन की समस्त अपगोपनीय तथा स्वहितकारी बातों को बताते हैं। वे भली भांति जानते हैं तलवार भांझने से ज्यादा बात भांझने में दम होता है। तलवार भांज कर चंद लोगों को जीत सकते हैं, किंतु बातों को भांज कर लाखों करोड़ों का दिल और देश की गद्दी जीत सकते हैं।

जब से उन्होंने मन की बात कहना आरंभ किया है तब से दम तोड़ते रेडियो और अन्य प्रसारण सेवाओं में भी नई जान आ गई है। गांव-गांव में चौपाल में, शहरों में बड़े हॉल में, मनमोती जी की मन की बात सुनने के लिए अच्छा खासा जलसा समारोह का आयोजन सरकारी तौर पर होने लगा है। आयोजकों को मनोरंजन के साथ ही माल-मसाला-मलाई मिलने लगा है।

ऐसा प्रतीत होता है कि मन की बात भले ही मनमोती नेताजी बोलते हैं, पर उनके मन की बात को सजाने संवारने का काम अकबर के नवरत्नों की तरह दूसरे गुनीजन मन लगाकर करते हैं। मन की बात बताते बताते मनमोती जी जन-मन के तन-मन के घाव में मरहम लगाने का काम बखूबी कर पाते हैं। बात ही बात में वे सबका हाथ सबका साथ पा लेने का कमाल भी दिखाते हैं।

मन की बात के बढ़ते घोर प्रताप को देखकर विरोधी पार्टी के नेताओं ने समुद्र मंथन की तरह दिन रात प्रयास करके ''वोट चोर गद्दी छोड़'' को गढ़ लिया, किंतु जनमन में इसका असर बेअसर ही रहा। फलस्वरूप ''सूरन कंद (जिमी कांदा)'' के पोंगा (डंठल) की तरह धरती को फाड़ कर निकले मनमोती जी मन की बात सुनाने सीना तान कर सिर उठा कर खड़े ही रहे।

महाभारत में जैसे भगवान दामोदर (श्री कृष्णा) की वाकचातुर्यता के सामने बड़े-बड़े जोधा फेल हो गए थे। उसी तरह वाकदानी, अगाध सुजानी मनमोती नेताजी की वॉकचातुर्यता के सामने फिलहाल कोई टिक नहीं पा रहा है अतः अंत में सौ बात की एक बात-अगर जीना है तो सुननी पड़ेगी मन की बात।

अग्रोहा कॉलोनी रायपुर
(छ.ग.) 492013
मो. 9893123310

## सू- दोकू क्र.250

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 1 | 6 | | 2 | | 7 |
| 3 | | | | | | | | |
| | | 6 | | | | | 9 | |
| 7 | | | 5 | | 1 | | 3 | |
| | 8 | | | 9 | | 6 | | 2 |
| | | 4 | | | | | 7 | |
| | 3 | | | | 2 | 9 | | 6 |
| 6 | | 7 | 3 | | | | | 4 |
| | 4 | | | 1 | | 7 | 8 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है, जिसमें [illegible] वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम, कतार और खंड में 1से9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.249 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 4 | 3 | 9 | 8 | 7 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 2 | 6 | 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 5 |

## सामयिक चर्चा

### हमें ऐसा लगता है कि....!

खबर पढ़कर बानी बोले- ''गजाधर!
रूस के राष्ट्रपति पुतिन के सम्मान में
राष्ट्रपति भवन में
रात्रिभोज में कांग्रेस सांसद
शशि थरूर बुलाए गए,
जबकि लोकसभा में विपक्ष के नेता
राहुल गांधी और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष
मल्लिकार्जुन खरगे नहीं बुलाए गए।
सचमुच मुझे यह भेद भावना
समझ में नहीं आई।
तो आप मुझे समझाइए गजाधर भाई!
गजाधर मुस्कराए, बोले-''बानी!
कभी-कभी राजनीति में
होता है ऐसा खेल
कि उसे समझने में
हमारा दिमाग भी हो जाता है फेल।
पर हाँ! हमे ऐसा लगता है
और ऐसी संभावना भी है
कि कांग्रेस सांसद थरूर को
रात्रि के भोज में बुलाने के बाद
दिन में पार्टी में भी बुलाएंगे
और महत्वाकांक्षी शशि थरूर जी,
खुशी-खुशी पार्टी में चले जाएंगे।''
(रविवार 7 दिसम्बर 2025)



गिरीश बख्शी

## कविता

### गुरुजी मन कुकुर खोजत हे त किसान खोजत टोकन

*गली गली म कुकुर घुमत हे त रिपोर्ट ल करहि लोक्खन।*
*पढ़ई लिखई के ठिकाना नई हे, कतको स्कुल बंद होवत हे,*
*बिन पढ़ई के कतको गुरूजी मन बइठे बइठे सोवत हे।*
*मजा करत हे निजी स्कुल वाले सरकार ह पिछ्वावत हे.*
*मनमाड़े फीस के मारे गरीब मन लुलवावत हे।*
*सरकारी तंत्र होय के बावजूद, निजी संस्थान खुलत हे,*
*मंत्री मन ल कहीं कहिबे ताहन मुहु उखर फुलत हे।*
*जिम्मेदार तो ये सरकार ह हवे, जेन देवत हे बढ़ावा,*
*काबर नई दिहि समर्थन जब मिलत हवे चढावा।*
*बंद होवत हे सरकारी स्कुल, निजी स्कुल के चक्कर में,*
*सिस्टम कहूं अइसने हाल रही त किरा परही शक्कर में।*
*स्कूल हे बाकी लूट भी हे सब दुनिया*
*भुलागे जक्कर में, साधे साध में लइका ल*
*पढईन पूंजी सिरा गे चक्कर में। पहिली*
*के सरकारी स्कूल और अभी म अलग*
*अंतर हे, हाल अइसने रही त*
*पढ़ई लिखई जंतर मंतर हे।*



दिनेश साहू, खैरागढ़िया
मो. 9098981250





*काहिरा: एक झील में चारे की तलाश करते प्रवासी 'फ्लेमिंगो' पक्षी। मौसम बदलने पर भोजन व बेहतर जलवायु की तलाश में ये पक्षी लंबी दूरी तय करते हैं।*

## राशिफल

**मेष**
आज आपकी यश और कीर्ति बढ़ेगी। आपको किसी काम को करने के लिए जल्दबाजी नहीं करनी है और आर्थिक स्थिति को लेकर आप कोई महत्वपूर्ण कदम उठा सकते हैं। पार्टनरशिप में कोई काम करना आपके लिए बेहतर रहेगा, लेकिन आप दिल से लोगों का भला सोचेंगे। लोग इसे आपका स्वार्थ समझ सकते हैं।

**वृष राशि**
आज का दिन आपके लिए जिम्मेदारी से काम करने के लिए रहेगा। आप परिवार के सदस्यों के साथ आनंदमय समय व्यतीत करेंगे। आप मौज मस्ती के मूड में रहेंगे। यदि आपको कोई टेंशन थी, तो उसका भी समाधान आपको आसानी से मिल जाएगा। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

**मिथुन**
आज आपको वरिष्ठ सदस्यों का पूरा सहयोग मिलेगा। कोई फैसला बहुत ही सोच समझकर ले। आप संतान के ऊपर कोई जिम्मेदारी ना डालें, नहीं तो वह आपसे नाराज हो सकती हैं। आप अपने व्यवसाय में कुछ नहीं योजनाओं को शामिल करके उसे बढ़ाने की कोशिश करते रहेंगे। वाहनों का प्रयोग आपको थोड़ा सावधान रहकर करना होगा।

**कर्क**
आज आपको आय और व्यय में संतुलन बनाकर चलने की आवश्यकता है। आपके अपने अधूरे काम पूरे होंगे। आपके काम की गति भी थोड़ी तेज रहेगी। आपका कोई अधूरा सपना पूरा होने से आपको खुशी होगी और जीवनसाथी के साथ आप कुछ समय बिताएंगे, जिससे दोनों को एक दूसरे को बेहतर जानने का मौका मिलेगा।

**सिंह**
आज आपको आसपास रह रहे विरोधियों से सतर्क रहने की आवश्यकता है और व्यस्त रहने के कारण आप अपने कामों को कल पर टालने की कोशिश करेंगे, जो आपकी मुश्किलों को बढ़ाएंगे। किसी नई संपत्ति की खरीदारी करना आपके लिए अच्छा रहेगा। परिवार के सदस्यों के साथ आपको समय बिताने का मौका मिलेगा।

**कन्या**
आज आपको जल्दबाजी में कोई काम करने से बचाव होगा। आपको काम को लेकर मेहनत अधिक रहेगी, लेकिन आपको उससे घबराने की आवश्यकता नहीं है। प्रेम जीवन जी रहे लोग साथी के साथ रोमांटिक समय व्यतीत करेंगे। आपको आर्थिक लेनदेन से थोड़ा सतर्क रहने की आवश्यकता है। विद्यार्थियों की कुछ नया करने की इच्छा जागृत हो सकती है।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए किसी वाद विवाद से दूर रहने के लिए रहेगा। आपको धन कमाने के अनेक अवसर मिलेंगे, जिनसे आप बिल्कुल पीछे नहीं हटेंगे। परिवार में चल रही कलह भी बातचीत के जरिए दूर होगी। आप किसी को धन उधार देने से बचें और किसी परिजन से आपको कोई बात बहुत ही सोच समझकर बोलनी होंगी।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए कारोबार के मामले में बढ़िया रहने वाला है। आपको पुराने इन्वेस्टमेंट सबसे अच्छा लाभ मिलेगा और आपकी आर्थिक स्थिति को भी मजबूती मिलेगी। आप अपने माता-पिता का सम्मान करें और यदि वह आपको कोई जिम्मेदारी दे, तो उसे समय रहते पूरा करने की कोशिश करें।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए सावधानी और सतर्कता बरतने के लिए रहेगा। कार्यक्षेत्र में कामों को लेकर आपके मन में उथल-पुथल रहेगी। आपने यदि किसी बैंक से कोई कर्ज लेने का सोचा था, तो वह भी आपको मिल जाएगा। परिवार में किसी नये मेहमान का आगमन हो सकता है। यदि आपका धन कहीं फंस गया था।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आप काम को लेकर पार्टनरशिप कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छी रहेगी। सरकारी नौकरी से जुड़े लोगों को ईमानदारी से काम लेना होगा।आप अपने मनपसंद भोजन का आनंद लेंगे। ससुराल पक्ष का कोई व्यक्ति आपसे मेल-मिलाप करने आ सकता है।

**कुंभ**
आज आपको सेहत के प्रति सचेत रहना होगा। कार्यक्षेत्र में जल्दबाजी में यदि आप कोई काम करेंगे, तो उसमें कोई गड़बड़ी हो सकती है। आप अपने रहन-सहन के स्तर में भी सुधार लाने की कोशिश करेंगे। आपकी दीर्घकालीन योजनाओं को गति मिलेगी और आपको किसी सहयोगी की कोई बात बुरी लग सकती हैं।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए धन के मामले में थोड़ा सावधानी बरतने के लिए रहेगा, इसलिए आप किसी बड़े निवेश में हाथ डालने से बचें, नहीं तो बाद में आपको कोई भारी नुकसान हो सकता है। शेयर मार्केट से जुड़े लोगों को किसी एक्सपर्ट के राय के बिना आगे बढ़ने से नुकसान होगा। आप अपनी आंख व कान खुले रखकर कार्य करें।

# जिला प्रशासन से मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना की दुकानों के आबंटन प्रक्रिया की शिकायत

डोंगरगढ़ (दावा)। मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना के तहत निर्मित की गई दुकानों के आवंटन में पीड़ित आवेदन करता द्वारा जिला प्रशासन से शिकायत कर दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। दिए गए आवेदन में शिकायतकर्ता ने कहा है कि 2012 में डोंगरगढ़ के तत्कालीन अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जय प्रकाश मौर्य द्वारा शहर में लगाए जाने वाले फ्रूट मार्केट के ठेलों को पक्की दुकानों में व्यवस्थापन के लिए आवेदन मंगाए गए। जिसमें 53 लोगो ने आवेदन किया था। आवेदन मंगाए जाने के बाद किसी भी प्रकार की आगे की प्रक्रिया नहीं कि गई थी न ही किसी प्रकार से फ्रूट विक्रेताओं का वेरिफिकेशन किया गया था। लंबी अवधि बीत जाने के बाद यह योजना भी ठंडे बस्ते में चले गई थी। परंतु आवेदन मंगाए जाने के 11 वर्षों बाद नवंबर 2023 को वार्ड क्रमांक 13 के पार्षद अमित छाबड़ा ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए तत्कालीन मुख्य नगर पालिका अधिकारी कुलदीप झा से साथ सांठगांठ करके दिल्ली होटल रेलवे चौक स्थित मुख्यमंत्री स्वालंबन योजना की दुकानों को नियम विरुद्ध बिना किसी प्रक्रिया का पालन करते हुए अपनी पत्नी ज्योति छाबड़ा एवं अपने वार्ड के शुभ चिंतकों क्रमशः सुदेश पाल, मो. फिरोज, परवेज खान, सुमीत ठाकरे, राजेंद्र लारोकर, बलविंदर सिंह आदि को उक्त दुकानों का आंबटन करवा दिया। जो पूर्णत नियम विरुद्ध है।



शिकायतकर्ता ऋषभ लारोकर द्वारा बताया गया कि पार्षद अमित छाबड़ा की पत्नी ज्योति छाबड़ा एवं कई दुकान आबंटनकर्ताओं ने पूर्व में फ्रूट मार्केट के लिए आवेदन भी नहीं किया था, न ही वे कभी भी किसी प्रकार से फ्रूट का व्यापार ही करते थे। प्रथम दृष्ट्या यह मामला भ्रष्टाचार का दिखाई पड़ता है। जिसकी शिकायत मेरे द्वारा जिलाधीश, अनुविभागीय अधिकारी एवं सुशासन त्यौहार अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी के समक्ष करवाई गई थी, परंतु लंबा समय बीत जाने के बाद भी उक्त दुकानों के नियम विरुद्ध आबंटन निरस्त न करना और भ्रष्ट अधिकारी-कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि अमित छाबड़ा के विरुद्ध किसी प्रकार की कार्यवाही न करना समझ से परहे है। शिकायतकर्ता का कहना है कि जिनके नाम से दुकान का आवंटन हुआ है। उसमें कितने लोग फल फ्रूट का दुकान लगाते है। क्या पार्षद की पत्नी फल बेचती थी क्या? बिना प्रक्रिया का पालन किए यह सब किया गया। कोई नोटशीट भी नहीं चलाई गई।

### 0 15 दिनों में उक्त दुकानों के दोषपूर्ण आबंटन को रद्द कर दोषियों पर उचित कार्यवाही करे प्रशासन - ऋषभ लारोकर

पूर्व में दिए गए आवेदन पर कार्रवाई नहीं होने पर एक बार पुनः शिकायतकर्ता द्वारा एस डी एम को एक पत्र सौंपकर 15 दिनों में उक्त दुकानों के दोषपूर्ण आबंटन को रद्द कर दोषी अधिकारी,कर्मचारी एवं पार्षद के विरुद्ध उचित कार्यवाही कर की गई कार्यवाही से अवगत करवाने के लिए निवेदन किया गया अन्यथा एस डी एम कार्यालय के समक्ष दुकानों के आबंटन में भ्रष्टाचार के विरुद्ध साथियों सहित धरना देने की बात भी की गई।

### राजनीतिक द्वेषवश निराधार शिकायत की गई है - पार्षद अमित छाबड़ा

दुकान का आवंटन नगर पालिका द्वारा नियमों का पालन करते हुए किया गया है। इसकी जानकारी नगर पालिका के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और राजस्व अधिकारी दे पाएंगे। मेरी जानकारी में किसी भी प्रकार की अनियमितता दुकान आवंटन में नहीं की गई है। 10 वर्ष बाद की जाने वाली शिकायत से स्पष्ट होता है कि यह शिकायत राजनीतिक से प्रेरित है।

# मनरेगा में क्रांतिकारी पहल : छुरिया जनपद की पंचायतों में क्यूआर कोड सिस्टम लागू



छुरिया (दावा)। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत पारदर्शिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जनपद पंचायत छुरिया में एक नई डिजिटल पहल की जा रही है। जनपद पंचायत छुरिया की सभी ग्राम पंचायतों में 7 दिसंबर को आयोजित रोजगार दिवस के अवसर पर ग्रामीणों को क्यूआर कोड प्रणाली की जानकारी दी गई। इस पहल के तहत अब ग्रामीण अपने मोबाइल फोन से पंचायत भवन या सार्वजनिक स्थलों पर लगाए गए क्यूआर कोड को स्कैन कर पंचायत से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी तुरंत प्राप्त कर सकेंगे।

**० ग्रामीण अब एक स्कैन में जान सकेंगे पिछले तीन वर्षों के कार्य, खर्च और जॉब कार्ड की स्थिति**

इनमें पिछले तीन वर्षों के स्वीकृत कार्यों की सूची, व्यय राशि, प्रगतिरत कार्य, जॉब कार्डधारियों की संख्या और कुल सृजित मानव दिवस की जानकारी शामिल है। जनपद पंचायत छुरिया की सभी पंचायतों में पंचायत भवन सहित प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर क्यूआर कोड चस्पा कर दिए गए हैं।

## पहला कॉलम...

# श्रमिक संगठन की आड़ में लाखों का फर्जीवाड़ा!

### जांच की उठी मांग, खड़गांव क्षेत्र में हड़कंप

मोहला/खड़गाँव (दावा)। खड़गांव क्षेत्र में श्रमिक संगठन के नाम पर बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़े का मामला सामने आने के बाद स्थानीय स्तर पर हलचल मच गई है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य मानसिंग टेकाम ने गंभीर अनियमितताओं की ओर संकेत करते हुए बताया कि क्षेत्र में कुछ व्यक्तियों द्वारा श्रमिक संगठन का पंजीयन कराकर बाहरी ट्रकों से परिवहन कार्य करवाया जा रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक लाभ पहुंच रहा है।



मिली जानकारी के अनुसार, 'लाट मेटा श्रमिक संघ' (पंजीयन क्रमांक 116392) के नाम पर क्षेत्रीय कांग्रेस विधायक प्रतिनिधि बालचंद कोरेटी तथा कांग्रेस से जुड़े कुछ पदाधिकारियों पर आरोप है कि उन्होंने सुनियोजित तरीके से संगठन बनाकर स्थानीय माइंस में परिवहन कार्य का 50 प्रतिशत ठेका हासिल कर लिया है।

सबसे गंभीर आरोप यह है कि स्वयं के ट्रक न होने के बावजूद, अन्य जिलों के ट्रकों को प्राथमिकता देकर अवैध तरीके से परिवहन कराया जा रहा है। लोडिंग कार्य हेतु फर्जी पर्चियों का उपयोग किया जा रहा है। इन फर्जी पर्चियों में 'मोहला मानपुर परिवहन संघ' का नाम शामिल है, जिसका बीते 6 वर्षों से नवीनीकरण (ऑडिट) नहीं हुआ है।

### पुरानी शिकायतें भी लंबित

परिवहन संघ के पदाधिकारियों पर फर्जीवाड़ा, आय का ब्यौरा न देने और स्थानीय ट्रक मालिकों को दरकिनार करने के आरोप पहले भी लगाए जा चुके हैं। सदस्यों द्वारा 3 वर्ष पूर्व की गई शिकायत की विवेचना अभी तक लंबित है। हाल ही में ट्रक मालिकों ने भी जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर निष्पक्ष जांच की मांग की है।

### अब निगाहें प्रशासन पर

शिकायतों का दौर जारी है, और अब प्रतिनिधि मंडल द्वारा मामले को मुख्यमंत्री, मंत्री एवं गृहमंत्री तक ले जाने की तैयारी की जा रही है। जांच के बाद क्या कार्रवाई होती है, यह आने वाला समय बताएगा।

## खम्हेरा में 9 दिसंबर को मड़ई उत्सव

डोंगरगाँव (दावा)। अंचल के ग्राम खम्हेरा में 9 दिसंबर मंगलवार को पारंपरिक मड़ई उत्सव का आयोजन किया गया है. सांस्कृतिक उत्साह को देखते हुए ग्रामवासियों के मनोरंजन हेतु रात्रि में संसारगढ़ पार्टी द्वारा नाचा-गाना कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा. इस आयोजन संबंधी जानकारी ग्राम के तिलक यादव, जेठमल गोंड और उदेलाल कंवर ने संयुक्त रूप से दी.

## महापरिनिर्वाण दिवस पर विधायक ने अंबेडकर प्रतिमा पर अर्पित की पुष्पांजलि

### संविधान और बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात करने की अपील



खैरागढ़ (दावा)। भारत के संविधान निर्माता और सामाजिक न्याय के अग्रदूत डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर आज खैरागढ़ विधानसभा की सरल, विनम्र एवं लोकप्रिय विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने अंबेडकर चौक पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी और नागरिक उपस्थित रहे।

विधायक श्रीमति वर्मा ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन संविधान की आत्मा–समानता, न्याय, स्वतंत्रता और बंधुत्व का जीवंत दर्शन है। उन्होंने समाज में व्याप्त भेदभाव, छुआछूत, कुरीतियों और अंधविश्वास के खिलाफ आजीवन संघर्ष कर एक लोकतांत्रिक और समतामूलक भारत की आधारशिला रखी। उन्होंने कहा कि अंबेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब हम संविधान में निहित मौलिक अधिकारों, कर्तव्यों और प्रस्तावना के आदर्शों को अपने आचरण और जीवन में उतारें। संविधान के प्रति सम्मान ही राष्ट्र को प्रगति की दिशा में आगे बढ़ाता है। कार्यक्रम में नीलांबर वर्मा, मनराखन देवांगन, अशोक साहू, संतोष वर्मा, संदीप सिरमौर, अनुराग तुरे, अरुण भारद्वाज, पूरन सारथी, भरत चंद्राकर, चंदन वर्मा, नरेन्द्र सेन, दीपक देवांगन, ओम साहू, गोलू पाल, ब्लॉक अध्यक्ष, सोनू ढीमर, दिनेश वर्मा सहित अनेक नागरिक मौजूद रहे।

# दुबेलिया तेली साहू समाज के सम्मान समारोह में पहुँचे विक्रांत सिंह

### भुरसाटोला में भवन निर्माण हेतु 5 लाख की घोषणा

**खैरागढ़ (दावा)। दुबेलिया तेली साहू समाज द्वारा छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह, युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं रंगोली प्रतियोगिता का भव्य आयोजन ब्लाक के ग्राम भुरसाटोला में किया गया।।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह और अध्यक्षता केंद्रीय दुबेलिया तेली साहू समाज के अध्यक्ष शिवकुमार साहू ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार एवं जनपद पंचायत सदस्य हेमकल्यानी तोड़े उपस्थित रहीं।**



### प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

कार्यक्रम के दौरान समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रमाणपत्र व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर खम्हन ताम्रकार ने समाज की एकता और नियमित रूप से आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि दुबेलिया साहू समाज शिक्षा और सामाजिक गतिविधियों में अपनी विशेष पहचान रखता है।

### श्यामपुर में बोर खनन एवं भवन के लिए राशि का उल्लेख

समाज के केंद्रीय अध्यक्ष शिवकुमार साहू ने जानकारी दी कि छुईखदान ब्लॉक के ग्राम श्यामपुर में बोर खनन का कार्य विक्रांत सिंह के सहयोग से कराया गया है। साथ ही सांसद संतोष पांडे द्वारा समाज भवन के लिए 4 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है, जिसके लिए समाज ने आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि समाज के हर कार्यक्रम में विक्रांत सिंह की उपस्थिति सराहनीय रही है।

### ग्राम भुरसाटोला में भवन निर्माण की मांग

उद्बोधन के दौरान सरपंच प्रतिनिधि मदन साहू ने ग्राम भुरसाटोला में समाज भवन निर्माण की मांग रखी। उन्होंने कहा कि बढ़ती सामाजिक गतिविधियों के लिए एक स्थायी भवन की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

### विक्रांत सिंह ने की 5 लाख की घोषणा

मुख्य अतिथि विक्रांत सिंह ने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि दुबेलिया साहू समाज शिक्षा, रक्तदान तथा सामाजिक आयोजनों में पूरे प्रदेश में अपनी अग्रणी भूमिका निभा रहा है।। समाज को एकजुट रूप से आगे ले जाना बड़ी जिम्मेदारी है, जिसके लिए सभी पदाधिकारी बधाई के पात्र हैं। भुरसाटोला की लम्बे समय से लंबित मांग को ध्यान में रखते हुए उन्होंने ग्राम भुरसाटोला में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 5 लाख रुपये देने की घोषणा की।

कार्यक्रम में भावेश कोचर, नरेश कुर्रे, रामसुख साहू, धनऊराम साहू, सतपाल साहू, दुजराम साहू, दुजेराम साहू, रामकुमार जोशी, बृजलाल साहू, खेमचंद साहू, जगतु राम साहू, केशव राम साहू, सी.आर. साहू, संतोषी मदन साहू, अशोक साहू, मनीष साहू, उमेश साहू, डॉ. मोरध्वज साहू, मनोहर साहू, नंदू साहू सहित समाज के अनेक पदाधिकारी एवं सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

# श्रीमद्भागवत कथा यज्ञ सप्ताह हेतु पदुमतरा में कार्यक्रम स्थल हुआ भूमिपूजन

राजनांदगांव (दावा)। पदुमतरा में नए वर्ष में होने वाले श्रीमद् भागवत कथा के लिए आयोजन समिति ने भूमि पूजन किया। पुजारी राजा दुबे ने विधिवत पूजा अर्चना कर भूमिपूजन कार्य संपन्न कराये। आगामी 1 जनवरी को माँ बगलामुखी यज्ञ एवं 2 जनवरी से 8 जनवरी तक कथा का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक हर्षिता स्वामी ने अपनी बात रखते हुवे कहा कि महाराज जी की कथा सुनने दूर दूर से श्रोता उपस्थित रहेंगे सभी को तैयारी में जुट जाने की अपील की।



पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल ने कहा की यह पदुमतरा ही नही पूरे क्षेत्र के लिए गर्व व सौभाग्य का विषय की राष्टीय कथावाचक आचार्य रामानुज युवराज पाण्डेय जी का श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन हो रहा है जिन्हें सुनने लोग उत्साहित है। ललित चाँदतारे, क्षेत्रीय जनपद सदस्य ललिता मोहन साहू, सरपंच हिना घनश्याम साहू ने अपने विचार रखे। श्री राम मंदिर समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू ने बताया कि विभिन्न गांव के लोगों को श्रीमद् भागवत कथा में आमंत्रण दिया जा रहा है कथा हेतु श्री राम मंदिर ट्रस्ट समिति, महिला मंडल भागवत समिति समस्त ग्रामवासी व क्षेत्रवासी लगे हुवे है।

**० क्षेत्रीय विधायक हर्षिता बघेल, पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि गण हुवे शामिल**

**० नए साल में राष्ट्रीय कथावाचक आचार्य पं.युवराज पाण्डेय के कथा सुनने हजारों श्रद्धालुओं होंगे शामिल**

इस दौरान भूमिपूजन में मुख्य रूप से विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, श्रीराम मंदिर समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, क्षेत्रीय जनपद सदस्य ललिता मोहन साहू, सरपंच हिना घनश्याम साहू, महरूम सरपंच अजीत महिपाल, देवशरण वर्मा ग्राम पटेल खुमान बंजारे, देवनारायण साहू, मणि महिलांग, फतीस साहू, मोहन साहू, घनश्याम साहू, कालू साहू, रवि ठाकुर, पवन महोबिया, चंद्रकांत साहू, उत्तम साहू, खेलन साहू, हरिकिशन सेन, देवशरण साहू, शिवा साहू, सोनू साहू, उमाशंकर यादव, राकेश गौतम, कुमारी साहू, जमुना साहू, निर्मला साहू, देवकुंवर साहू, दुमेश्वरी साहू, हेमकुमारी साहू, किरण साहू, सुनीता रजक, दया बाई साहू सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# श्री सुदर्शन वाल्मीकि समाज ने डॉ. भीमराव अंबेडकर को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**० डॉ.अंबेडकर ने अपना जीवन जाति-व्यवस्था के खिलाफ संघर्ष में बिताया - उमेश हथेल**



डोंगरगढ़ (दावा)। शहर स्थित इंदिरा नगर वार्ड नंबर 5 में आयोजित एक गरिमापूर्ण कार्यक्रम में श्री सुदर्शन वाल्मीकि समाज ने भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी उमेश हथेल ने की।

इस अवसर पर सफाई कर्मचारी अध्यक्ष नरेश करसे, गुरुजी गोतम रामटेके रुपेश बघेल, विनोद लक्ष्मण करसे, पप्पू इंदुरकर, अनिल भौवरेल, गोविंद समुद्रे, राजू समुद्रे, सुनील डकहा, शुभम परिहार सुमित डकहा प्रीतम समुद्रे एवं कई गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। डॉ. अंबेडकर को याद करते हुए वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने अपना जीवन जाति-व्यवस्था के खिलाफ संघर्ष में बिताया और सामाजिक समानता, शिक्षा व महिला अधिकारों के लिए अनगिनत कार्य किए। इस अवसर पर उनके योगदान को सम्मानित करने हेतु आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित सभी ने उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया।

# गौवंश की रक्षा बनाम वृक्षारोपण की रक्षा की लड़ाई में प्रशासन के निर्णय का इंतजार कर रहे हैं नगरवासी

डोंगरगढ़/एलबी नगर (दावा)। नवीन नगर पंचायत एलबी नगर में इन दिनों पशु संरक्षण बनाम उजड़े उद्यान के संवर्धन का मामला चर्चा में बना हुआ है। शिकायतकर्ता नगर पंचायत के प्रशासनिक अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई को लेकर जिला प्रशासन के निर्णय का इंतजार कर रहे है। जिला प्रशासन को की गई शिकायत में कहा गया है कि 2021 में किए गए वृक्षारोपण एवं पौधों की सुरक्षा के लिए लगाए गए फेंसिंग तार को नियम विरुद्ध निकाला गया, जिसके कारण वहां लगे सैकड़ो पौधों को नुकसान पहुंचा है।

शिकायत में कहा गया है कि नगर पंचायत लाल बहादुर नगर में वर्ष 2021-22 में छत्तीसगढ़ शासन के महत्त्वकांक्षी योजना मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत 10.95 लाख रुपये के लागत से रामायण पथरा स्थित 6 एकड़ भूमि पर फलदार उद्यानिकी तैयार किया गया था। जिसमें विभिन्न प्रजातियों के लगभग 1400 नग पौधा लगाया गया था। ज्ञापन में सभी पौधों के जीवित रहने की बात कही गई है। नगर पंचायत बनने के पूर्व ग्राम पंचायत लाल बहादुर नगर के द्वारा समय-समय पर देख-रेख किया जाता था। पानी व्यावस्था के लिए वहां पर 1 हेण्डपंप, सोलर पंप और पंप घर की व्यावस्था की गई थी। परन्तु वर्तमान नगर पंचायत के सीएमओ के द्वारा वृक्षारोपण की देख-रेख कर जीवित रखने के बजाय उक्त वृक्षारोपण का बाऊन्ड्रीवाल (तार घेरा एंगल) को बिना किसी प्रशासनिक आदेश एवं नगर पंचायत के पार्षदों को जानकारी दिये बगैर तुड़वा दिया गया। जिसके कारण लगभग सभी पौधे नष्ट हो गये हैं। जो नियमतः पूर्ण रुप से गलत है।

### गौवंश की रक्षा के लिए उजड़े उद्यान के फेंसिंग तार को निकालकर गौठान में लगाया गया - नगर पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र साहू



नगर पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र साहू ने बताया कि, तत्कालीन कलेक्टर के दिशा निर्देश पर गौवंश की रक्षा के लिए ग्रामीणों के साथ मिलकर हर स्तर पर प्रयास किया जा रहा है। गौवंश की रक्षा हेतु ग्रामीणों द्वारा ली गई बैठक में तय किया गया कि तत्काल प्रभाव से गौठान को सुरक्षित कर फसल बचाने एवं सड़क मार्ग में हो रहे दुर्घटना को ध्यान में रखकर आवश्यकता अनुसार गौठान में फेंसिंग का कार्य कराकर गौवंश की सेवा की जाए। जिसके तहत पी आई सी के सदस्यों द्वारा प्रस्ताव पारित कर पूर्ण रूप से उजड़ चुके उद्यान के कुछ भाग के फेंसिंग को निकाल कर गौठान में लगाया गया। ताकि पशुधन को सुरक्षित रखा जा सके।नगर पंचायत अध्यक्ष श्री साहू ने आगे कहा कि, आवश्यकता पड़ी तो आने वाले समय में उद्यान से निकाले गए फेंसिंग तार को लगाकर उजड़ चुके उद्यान को फिर से संवारा जाएगा।

### पीआईसी द्वारा पारित प्रस्ताव के आधार पर गौठान में फेंसिंग का कार्य किया गया - शैलेश पांडे सीएमओ



नगर पंचायत लाल बहादुर नगर के सीएमओ शैलेश पांडे ने बताया कि निरीक्षण के दौरान पाया गया कि 2021 में बनाए गए उद्यान में लगाई गई अनेक सामग्री या तो चोरी हो गई अथवा निर्माण के दौरान लगाया ही नहीं गया है। इसके अलावा भवन का निर्माण भी अपूर्ण दिखाई दिया। मूल्यांकन किस आधार पर किया गया यह जांच का विषय है। इस दौरान जिला कलेक्टर के निर्देश को ध्यान में रखते हुए गौवंश की रक्षा के लिए गांव में स्थित गौठान की फेंसिंग करना प्राथमिकता थी, ताकि पशुधन की रक्षा, किसानों द्वारा लगाई गई फसल की रक्षा के साथ-साथ सड़क मार्ग में हो रहे हादसे को रोका जा सके। श्री पांडे ने आगे कहा कि पूर्व में किए गए निर्माण की जांच के पश्चात यदि आवश्यकता पड़ी तो उजड़े उद्यान को संवारने की दिशा में कार्य किया जाएगा।

### उजड़े उद्यान को संवारने के स्थान पर नियम विरुद्ध सामग्री का दोहन किया गया - राकेश सिन्हा, शिकायतकर्ता



शिकायतकर्ता राकेश सिन्हा का कहना है कि यदि उद्यान प्रशासनिक लापरवाही के चलते उजड़ गया, तो उसे फिर से संवारा जाए, न कि उजाड़ा जाए एवं उद्यान में लगाई गई सामग्री का नियम विरुद्ध दोहन करने वालों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए।

## व्यंग्यकार महेंद्र बघेल हुए सम्मानित



डोंगरगाँव (दावा)। क्रांतिवीर शहीद कंगला मांझी गौरव ग्राम बघमार (बालोद) में 6 दिसंबर शनिवार को क्रांतिवीर कंगला मांझी स्मृति दिवस एवं अगासदिया सम्मान समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस अवसर पर शिवनाथ साहित्य धारा डोंगरगांव के अध्यक्ष महेंद्र बघेल को उनकी चर्चित व्यंग संग्रह झन्नाटा तुंहर द्वार के लिए अगासदिया लतीफ घोंघी सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया. महेंद्र बघेल को यह सम्मान महासमुंद निवासी राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त व्यंगकार लतीफ घोंघी की स्मृति में राजमाता फुलवादेवी कांगे के द्वारा प्रदान किया गया. यह कार्यक्रम डॉ.परदेशीराम वर्मा अध्यक्ष अगासदिया एवं कुंभदेव कांगे उपाध्यक्ष कंगला मांझी संस्था नई दिल्ली के संयोजन में आयोजित किया गया. इस अवसर पर कुबेरसिंह साहू, राजकुमार चौधरी रौना, ओमप्रकाश साहू अंकुर, जैतराम साहू, रेनकुमार साहू, देवश्री बघेल, विमला साहू, हर्षा देवांगन, सुश्री राजकुमारी कांगे, डॉ.अशोक आकाश, वीरेंद्र अजनबी, नगरियाजी आदि साहित्यकार उपस्थित रहे. सम्मानित होने पर शिवनाथ साहित्य धारा डोंगरगांव एवं साकेत साहित्य परिषद सुरगी के सभी साहित्यकारों ने महेंद्र बघेल को बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की है.

## बाबा साहेब का मनाया गया महापरिनिर्वाण दिवस

डोंगरगढ़ (दावा)। डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत रामा टोला के आश्रित ग्राम मानिकपुर में बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का महा परिनिर्वाण दिवस मनाया गया। उपस्थितजनों ने सर्वप्रथम भारतीय संविधान निर्माता भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक व समाजसेवी उपस्थित थे।एवं बड़ी संख्या में महिलाएं भी उपस्थित रही। उपस्थित जनों को संबोधित कर सुखनंदन लॉटरी रूपलाल लॉटरी प्रेम लॉटरी वीर सिंह सहारे धर्म नंदेश्वर वरुण नंदेश्वर चमन लाल नंदेश्वर पीतांबर लॉटरी ने अपने विचार व्यक्त किया।



## पहला कॉलम...

### पाकिस्तानी महिला की पीएम मोदी से न्याय की गुहार

नई दिल्ली। कराची की रहने वाली निकिता नागदेव ने अपने पति विक्रम नागदेव पर गंभीर आरोप लगाते हुए एक भावुक वीडियो संदेश जारी किया है. निकिता का कहना है कि उनका विवाह 26 जनवरी 2020 को कराची में हिंदू रीति-रिवाज़ से हुआ था. शादी के एक महीने बाद, 26 फरवरी 2020 को विक्रम उन्हें भारत लेकर आया, लेकिन कुछ ही महीनों में उनका जीवन पूरी तरह बदल गया.

निकिता के अनुसार, 9 जुलाई 2020 को विक्रम उन्हें 'वीजा तकनीकी समस्या' का बहाना बनाकर अटारी बॉर्डर ले गया और जबरन पाकिस्तान वापस भेज दिया. इसके बाद उसने न तो उन्हें वापस बुलाने की कोशिश की, न ही कोई जिम्मेदारी निभाई. वीडियो में निकिता ने कहा, 'मैं बार-बार भारत बुलाने की गुहार लगाती रही लेकिन उसने हर बार मना कर दिया. अगर आज इंसाफ नहीं मिला, तो महिलाओं का सिस्टम पर भरोसा खत्म हो जाएगा.'

निकिता का आरोप है कि शादी के तुरंत बाद ही उनके ससुराल वालों का व्यवहार बदल गया. उन्हें पता चला कि विक्रम का संबंध उनके ही एक रिश्तेदार से था. जब उन्होंने शिकायत की तो उनके ससुर ने इसे सामान्य बताते हुए मामला दबा दिया. कोविड लॉकडाउन के दौरान विक्रम ने उन्हें पाकिस्तान लौटने के लिए मजबूर किया और तभी से वह उन्हें भारत आने नहीं दे रहा है. डर और मानसिक तनाव के बीच निकिता ने 27 जनवरी 2025 को लिखित शिकायत दर्ज कराई. मामला सिंधी पंचायत मेडिएशन एंड लीगल काउंसिल सेंटर तक पहुंचा, जो मध्य प्रदेश हाई कोर्ट द्वारा अधिकृत है. नोटिस जारी हुए, सुनवाई भी हुई, लेकिन सुलह नहीं हो सकी. 30 अप्रैल 2025 को जारी रिपोर्ट में कहा गया कि दोनों ही पक्ष भारतीय नागरिक नहीं हैं, इसलिए केस पाकिस्तान के अधिकार क्षेत्र में आता है. केंद्र ने विक्रम को पाकिस्तान भेजने की सिफारिश की.

### अफगानिस्तान-पाकिस्तान बॉर्डर पर 4 लोगों की मौत, 80 से ज्यादा घायल

नई दिल्ली। अफगानिस्तान और पाकिस्तान में दूसरी रात भी सेनाओं के बीच संघर्ष जारी है. कंधार प्रांत के स्पिन बोलदक में पाकिस्तान सीमा पर लगातार दूसरी रात भीषण झड़प हुई, जिसमें 4 लोग मारे गए और करीब 80 लोग घायल हुए, जो अस्पताल में भर्ती हैं. अफगानिस्तान और तालिबान ने पाकिस्तानी सेना पर बिना उकसावे के हमला करने का आरोप लगाया है. वहीं झड़पों में महिलाएं और बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं. पाकिस्तानी सेना के हमलों की वजह से सीमावर्ती इलाकों में विस्थापन बढ़ गया है और हजारों लोग खाने-पीने की चीजों और इलाज-दवाइयों की कमी से जूझ रहे हैं. बॉर्डर पर लगे एंट्री गेट को भी तोड़-फोड़ दिया गया है. आरोप हैं कि अफगान सेना ने पाकिस्तान के माजल गली और लुकमान गांव में मोर्टार दागे, जिससे लोगों के घरों में आग लग गई और वे जान बचाने के लिए भाग गए. अब दोनों देशों ने लोगों को बॉर्डर एरिया खाली करने का आदेश दे दिया है. पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के प्रवक्ता मुशर्रफ जैदी ने बताया कि पिछले हफ्ते अफगानिस्तान और पाकिस्तान में हुई शांति वार्ता विफल हो गई, जिसके 2 दिन बाद 5 दिसंबर की रात को अफगान सेना और तालिबानी लड़कों ने डूरंड लाइन पर फायरिंग की. स्लिप बोलदक इलाके में पाक सेना को टारगेट करके फायरिंग की और फिर रॉकेट-मोर्टार दागे. जवाबी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तानी सेना ने भी फायरिंग की. 7 दिसंबर की रात फिर इसी तरह का टकराव हुआ.

### अलास्का में 7.0 तीव्रता का भूकंप

नई दिल्ली। अमेरिका के अलास्का राज्य में शनिवार को 7.0 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया, जिससे राज्य के कई इलाकों में हड़कंप मच गई. अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (स्त्रस) के मुताबिक यह भूकंप सुबह 11ः41 बजे याकुतत के उत्तर-पूर्व में आया. झटके कनाडा के कुछ हिस्सों में भी महसूस किए गए. इतना ही नहीं भूकंप के बाद 5 तीव्रता के कई आफटरशॉक्स भी दर्ज किए गए.

अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, अलास्का अर्थक्केक सेंटर के ऑपरेशंस डायरेक्टर ऑस्टिन हॉलैंड ने बताया कि अब तक किसी तरह के नुकसान या लोगों के घायल होने की सूचना नहीं मिली है. हालांकि उन्होंने स्वीकार किया कि भूकंप ÷काफी शक्तिशाली÷ था और इसे आसपास के कई इलाकों में तेजी से महसूस किया गया. उन्होंने कहा कि भूकंप जिस क्षेत्र में आया है, वहां बड़े फॉल्ट्स होने के कारण इस तरह की गतिविधि असामान्य नहीं है.

### नेपाल को फिर लगा भूकंप का झटका

काठमांडू। नेपाल की धरती रविवार को भूकंप के एक और झटके से हिल गई है। यह भूकंप नेपाल के पश्चिमी सुदूरपश्चिम प्रदेश में सुबह करीब साढ़े आठ बजे आया। राष्ट्रीय भूकंप निगरानी एवं अनुसंधान केंद्र के अनुसार भूकंप की तीव्रता 4.6 मापी गई है।

इस भूकंप से अभी तक किसी तरह के नुकसान की कोई खबर नहीं है। यह भूकंप सुबह 8ः28 बजे दर्ज किया गया, जिसका केंद्र दारचुला जिले के घुसा क्षेत्र में था। इससे आसपास के जिलों में भी झटके महसूस किए गए। हालांकि भूकंप से अभी तक किसी तरह के नुकसान की कोई तत्काल सूचना नहीं है। पश्चिमी नेपाल में अक्सर भूकंप आते रहते हैं।

# पर्थ के बाद गाबा में भी इंग्लैंड का सरेंडर, ऑस्ट्रेलिया ने 8 विकेट से मारा मैदान

नई दिल्ली। पर्थ के बाद गाबा में भी ऑस्ट्रेलिया ने एक और धमाकेदार जीत का स्वाद चखा है. इंग्लैंड से मिले 65 रनों के लक्ष्य को कंगारू टीम ने दूसरी पारी में सिर्फ 2 विकेट खोकर हासिल कर लिया. ट्रेविस हेड और मार्नस लाबुशेन के सस्ते में पवेलियन लौटने के बावजूद कंगारू टीम 8 विकेट से मैदान मारने में सफल रही.



इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने एशेज सीरीज में 2-0 की बढ़त हासिल कर ली है. मिचेल स्टार्क का प्रदर्शन इस मैच में भी कमाल का रहा. उन्होंने मुकाबले में कुल 8 विकेट लेने के साथ-साथ 77 रनों की दमदार पारी भी खेली. वहीं, माइकल नेसर ने भी गेंदबाजी में पंजा खोला. टेस्ट के चौथे दिन बेन स्टोक्स और विल जैक्स ने अच्छी साझेदारी जमाई और एक समय पर लगा कि इंग्लैंड इन दोनों बल्लेबाजों के दम पर ऑस्ट्रेलिया को लड़ाई लड़ने लायक टारगेट देने में सफल रहेगी. हालांकि, जैक्स के 41 रनों के स्कोर पर आउट होते ही मैच फिर से कंगारू टीम के पक्ष में आ गया. कप्तान बेन स्टोक्स भी 50 रन बनाकर नेसर का शिकार बने. इसके बाद देखते ही देखते पूरी इंग्लिश टीम 241 रनों पर सिमट गई और ऑस्ट्रेलिया को मिला 65 रनों का टारगेट.

कंगारू टीम की शुरुआत दूसरी पारी में अच्छी नहीं हुई. ट्रेविस हेड 22 रन बनाकर चलते बने. वहीं, मार्नस लाबुशेन को गस एटकिंसन ने 3 रनों के स्कोर पर पवेलियन की राह दिखाई. हालांकि, इसके बाद कप्तान स्टीव स्मिथ और जेक वेदराल्ड ने टीम को कोई और झटका नहीं लगने दिया. वेदराल्ड 17 और स्मिथ 9 गेंदों में 23 रन बनाकर नाबाद रहे. गाबा टेस्ट की पहली पारी में मिचेल स्टार्क ने एक बार फिर कहर बरपाया. स्टार्क ने इंग्लिश टीम के बैटिंग ऑर्डर को तहस-नहस करते हुए छह विकेट अपनी झोली में डाले. वहीं, बल्लेबाजी में भी उन्होंने 77 रनों की दमदार पारी खेली. दूसरी इनिंग में माइकल नेसर ने अपनी बॉलिंग से खासा प्रभावित किया. नेसर ने 16.2 ओवर में 42 रन खर्च करते हुए 5 विकेट अपनी झोली में डाले.

## भारत को वर्ल्ड कप जिताने वाले कोच ने नामीबिया की टीम के साथ जुड़े



नई दिल्ली। भारतीय टीम ने वनडे वर्ल्ड कप 2011 का खिताब श्रीलंकाई टीम को हराकर अपने नाम किया था। तब टीम इंडिया के कोच गैरी कर्स्टन थे और उनकी कोचिंग में ही टीम ने 28 साल बाद इस बड़ी ट्रॉफी पर कब्जा किया था। अब वह नामीबिया की टीम के साथ जुड़ गए हैं और उन्हें नामीबिया की नेशनल पुरुष टीम का सलाहकार नियुक्त किया गया है। वह अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारियों में मुख्य कोच क्रेग विलियम्स के साथ काम करेंगे।

गैरी कर्स्टन ने कहा कि क्रिकेट नामीबिया के साथ काम करना वास्तव में सौभाग्य की बात है। उनका नया अत्याधुनिक क्रिकेट स्टेडियम इस बात का प्रमाण है कि वे यह सुनिश्चित करने के लिए तैयार हैं कि उनकी नेशनल टीमें विश्व के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट देशों के साथ प्रतिस्पर्धा करें। नामीबिया की सीनियर टीम अच्छा प्रदर्शन कर रही है और मैं अगले साल फरवरी में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए उनकी तैयारी में योगदान देने के लिए उत्सुक हूं। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व सलामी बल्लेबाज गैरी कर्स्टन ने 2004 में संन्यास लेने के बाद कोचिंग की शुरुआत की और 2007 में उन्हें भारत का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। उनके कार्यकाल में भारत ने 2011 का वनडे विश्व कप जीता था। बाद में उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के मुख्य कोच और दुनिया भर की कई टी20 फ्रैंचाइजी लीग की टीमों के साथ काम किया। उन्होंने 2024 में पाकिस्तान की पुरुष टीम के मुख्य कोच के रूप में भी काम किया।

## स्मृति मंधाना की पलाश मुच्छल से टूट गई शादी, क्रिकेटर ने इंस्टा पोस्ट में खुद किया कंफर्म

नई दिल्ली। भारतीय टीम की स्टार महिला क्रिकेटर स्मृति मंधाना और संगीतकार पलाश मुच्छल की 22 नवंबर को शादी होने वाली थी। फिर उसी दिन स्मृति के पिता की तबियत अचानक से खराब हो गई और आनन-फानन में उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। बाद में पलाश भी अस्पताल में भर्ती रहे थे। इसी वजह से फिर शादी नहीं हो पाई थी। इसके बाद सोशल मीडिया पर फैंस ने कई तरह की अकटलें लगानी शुरू कर दी थीं। अब इस मामले पर मंधाना का पहला रिएक्शन सामने आया है।

स्मृति मंधाना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर स्टोरी लगाई है और लिखा है कि पिछले कुछ हफ्तों से मेरे जीवन को लेकर काफी अटकलें लगाई जा रही हैं और मुझे लगता है कि इस



समय मेरे लिए खुलकर बोलना जरूरी है। मैं बहुत निजी इंसान हूं और मैं इसे इसी तरह रखना चाहती हूं, लेकिन मुझे यह स्पष्ट करना होगा कि शादी रद्द कर दी गई है। मैं इस मामले को यहीं समाप्त करना चाहती हूं और आप सभी से भी यही करने की विनती करती हूं।

स्मृति मंधाना ने आगे लिखा है कि मैं आपसे अनुरोध करती हूं कि इस समय दोनों परिवारों की निजता का सम्मान करें और हमें आगे बढ़ने का समय दें। मेरे लिए हमेशा यही उद्देश्य रहा है कि अपने देश के लिए अच्छा करुं। मैं उम्मीद करती हूं कि मैं लंबे समय तक भारत के लिए खेलती रहूं और ट्रॉफियां जीतती रहूं और मेरा ध्यान हमेशा इसी पर रहेगा। आप सभी के समर्थन के लिए धन्यवाद। अब आगे बढ़ने का समय है। स्मृति मंधाना की गिनती भारत की बेहतरीन प्लेयर्स में होती है और उन्होंने अपने दम पर भारतीय टीम को कई मैचों में जीत दिलाई है। मंधाना ने टीम इंडिया के लिए अभी तक वनडे क्रिकेट में कुल 5322 रन बनाए हैं, जिसमें उनके बल्ले से 14 शतक और 34 अर्धशतक निकले हैं। इसके अलावा टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में उन्होंने 3982 रन जड़े हैं।

## साउथ अफ्रीका के बाद न्यूजीलैंड के साथ ओडीआई सीरीज खेलेगा भारत

नई दिल्ली। भारतीय टीम की साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज खत्म हो गई है। जहां टीम ने सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। वनडे सीरीज में भारतीय टीम के लिए रोहित शर्मा और विराट कोहली ने कमाल का खेल दिखाया और इन प्लेयर्स ने टीम को सीरीज जिताने में अहम भूमिका अदा की। अब साल 2025 में टीम इंडिया में कोई भी वनडे सीरीज नहीं खेलेगी और अगली वनडे सीरीज सीधे 2026 में खेलेगी।

न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम जनवरी 2026 में भारत दौरे पर आएगी। जहां पहले तीन वनडे मैचों की सीरीज खेलेगी। इसके बाद पांच टी20 मैचों की सीरीज होगी। भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज का पहला मुकाबला 11 जनवरी 2026 को बड़ौदा के क्रिकेट ग्राउंड में खेलेगी। इसके बाद दूसरा वनडे मुकाबला राजकोट के मैदान पर 14 जनवरी को खेला जाएगा। वहीं सीरीज का आखिरी और तीसरा मुकाबला 18 जनवरी को इंदौर के मैदान पर खेला जाएगा।

भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीनों ही वनडे मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 1ः30 बजे से शुरू होंगे। वहीं इन मैचों का टॉस आधे घंटे पहले दोपहर 1ः00 बजे से होगा। वनडे सीरीज के बाद टीम इंडिया टी20 सीरीज खेलेगी और टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए तैयारी को पुख्ता करेगी।

साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज में भारत ने पहला मुकाबला 17 रनों से जीता था। इसके बाद अफ्रीका ने दूसरे मैच में वापसी की और एडन माक्ररम के शतक की बदौलत चार विकेट से मैच जीत लिया। फिर सीरीज 1-1 से बराबरी पर आ गई। इसके बाद तीसरे मैच में भारत के लिए युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने शतक लगाया और 116 रनों की पारी खेली। उनके अलावा विराट कोहली (65 रन) और रोहित शर्मा (75 रन) ने भी अर्धशतक लगाए। इन प्लेयर्स की वजह से ही भारतीय टीम जीत दर्ज करने में सफल रही।

विराट कोहली साउथ अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले प्लेयर रहे। उन्होंने सीरीज में कुल दो शतक और एक अर्धशतक जड़ा। इसी की बदौलत उन्होंने 302 ठोक डाले। ऐसा पहली बार हुआ है, जब कोहली ने तीन वनडे मैचों की सीरीज में 300 से ज्यादा रन बनाए हों। अच्छे खेल के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड दिया गया।

## किलाउआ ज्वालामुखी फटा! 400 फीट ऊंचा उठा लावा का फव्वारा

होनोलूलू (हवाई)। अमेरिका के हवाई द्वीप समूह में स्थित विश्व के सबसे सक्रिय ज्वालामुखियों में शुमार कीलाउआ फिर से जाग उठा है। इससे आग और लावा-राख की लपटें 400 मीटर यानी 1300 फीट की ऊंचाई तक उठती देखी जा रही हैं। ज्वालामुखी विस्फोट का ऐसा वीडियो देखकर रूह कांप उठेगी। वैज्ञानिकों के अनुसार यह पिछले कई दशकों में दुनिया में हुआ सबसे भयंकर ज्वालामुखीय विस्फोट है।

अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (स्त्रस) ने रविवार तड़के घोषणा की कि कीलाउआ के हलमाउमाउ क्रेटर में भयानक विस्फोट शुरू हो गया है और इस बार का दृश्य बेहद दुर्लभ है। क्रेटर के अंदर एकसमान लगभग 3 लावा फव्वारे उछल रहे हैं, जिनमें से हरेक की ऊंचाई लगभग 400 मीटर (1,300 फीट) तक पहुंच रही है। स्त्रस् के वैज्ञानिकों के अनुसार, इतनी ऊंचाई तक तीन समानांतर लावा फव्वारे एक साथ फूटना कीलाउआ के इतिहास में भी बहुत कम देखा गया है।

बताया जा रहा है कि विस्फोट शनिवार देर रात करीब 11ः45 बजे (स्थानीय समय) शुरू हुआ। कुछ ही मिनटों में लावा फव्वारे



आसमान को लाल कर देते हैं और रात के अंधेरे में यह नजारा दूर से भी साफ दिखाई दे रहा है। अभी तक लावा केवल क्रेटर के अंदर ही सीमित है और हवाई वोल्केनोज नेशनल पार्क के बाहर किसी इलाके को खतरा नहीं है। पार्क का वह हिस्सा पहले ही बंद कर दिया गया है।

हवाई वोल्केनो ऑब्जर्वेटरी के प्रमुख वैज्ञानिक केन होन ने कहा, यह एक असाधारण घटना है। तीन फव्वारे एकदम समान ऊंचाई और तालमेल में फूट रहे हैं - ऐसा दृश्य पिछले कई दशकों में नहीं देखा गया। यह कीलाउआ की शक्ति और सुंदरता दोनों का प्रमाण है। अभी तक किसी के हताहत होने या संपत्ति के नुकसान की कोई खबर नहीं है। आसपास के इलाकों में हल्की राख गिरने की संभावना जताई गई है, इसलिए स्थानीय लोगों को मास्क पहनने की सलाह दी गई है। कीलाउआ पिछले कुछ सालों से लगातार सक्रिय रहा है।

इससे पहले 2018 में भी इस ज्वालामुखी में भयानक विस्फोट हुआ था, जिसने सैकड़ों घरों को नष्ट कर दिया था, लेकिन इस बार का विस्फोट अभी क्रेटर तक सीमित है। फिर भी वैज्ञानिक 24 घंटे निगरानी कर रहे हैं। हवाई के पर्यटन विभाग ने कहा है कि यह प्राकृतिक घटना दुनिया भर के पर्यटकों के लिए एक दुर्लभ अवसर है, लेकिन सुरक्षा सबसे ऊपर है। पार्क के बंद हिस्सों में जाने की सख्त मनाही है।

सोशल मीडिया पर पहले ही हैशटैग ट्रेंड करने लगे हैं। लोग दूरबीन और ड्रोन से लिए गए वीडियो शेयर कर रहे हैं, जिसमें तीन विशाल लावा के स्तंभ रात के आकाश को चीरते दिख रहे हैं।कीलाउआ को हवाई द्वीप की मूल निवासी देवी पेले का निवास माना जाता है। स्थानीय लोग इस विस्फोट को पेले के जागने की संज्ञा दे रहे हैं।

## ज्योतिष चमत्कार ( 8 दिसम्बर 2025 )

**कल्याण**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | 41 | 54 | 62 | 75 |
| मंगल | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | 53 | 63 | 74 | 81 |
| बुध | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | 65 | 73 | 82 | 95 |
| गुरू | 7 | 8 | 9 | 0 |
| | 71 | 84 | 93 | 01 |
| शुक्र | 8 | 9 | 0 | 1 |
| | 85 | 92 | 02 | 14 |
| शनि | 9 | 0 | 1 | 2 |
| | 91 | 03 | 13 | 21 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अंकों का बादशाह | | | | 0 |
| सप्ताह का वरदान | | | | 9 |
| सप्ताह में अचूक | 3 | 4 | 5 | 8 |
| स्पेशल | 37 | 46 | 52 | 81 |

**राजधानी नाईट**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 9 | 0 | 1 | 2 |
| | 98 | 06 | 19 | 26 |
| मंगल | 0 | 1 | 2 | 3 |
| | 07 | 18 | 28 | 30 |
| बुध | 1 | 2 | 3 | 4 |
| | 10 | 29 | 39 | 46 |
| गुरू | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | 20 | 37 | 47 | 59 |
| शुक्र | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | 36 | 48 | 58 | 67 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अंकों का बादशाह | | | | 2 |
| सप्ताह का वरदान | | | | 3 |
| सप्ताह में अचूक | 4 | 6 | 7 | 8 |
| स्पेशल | 40 | 69 | 75 | 81 |

**सप्ताह में देखें (कल्याण)**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 17 | 18 | 19 | 10 |
| 2 | 26 | 28 | 29 | 20 |
| 3 | 36 | 37 | 39 | 30 |
| 4 | 46 | 47 | 48 | 40 |
| 5 | 56 | 57 | 58 | 59 |
| 6 | 67 | 68 | 69 | 60 |
| 7 | 76 | 78 | 79 | 70 |
| 8 | 86 | 87 | 89 | 80 |
| 9 | 96 | 97 | 98 | 90 |
| 0 | 06 | 07 | 08 | 09 |

**सप्ताह में देखें (राजधानी नाईट)**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 2 | 21 | 23 | 24 | 25 |
| 3 | 31 | 32 | 34 | 35 |
| 4 | 41 | 42 | 43 | 45 |
| 5 | 51 | 52 | 53 | 54 |
| 6 | 62 | 63 | 64 | 65 |
| 7 | 71 | 73 | 74 | 75 |
| 8 | 81 | 82 | 84 | 85 |
| 9 | 91 | 92 | 93 | 95 |
| 0 | 01 | 02 | 03 | 04 |

**अंक आपके पत्ते हमारे**

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 128 | 138 | 148 | 149 | 140 | 123 | 160 | 134 | 234 | 127 |
| 245 | 129 | 238 | 130 | 230 | 150 | 250 | 233 | 379 | 136 |
| 489 | 237 | 490 | 239 | 357 | 259 | 278 | 279 | 225 | 280 |
| 290 | 570 | 670 | 680 | 456 | 349 | 458 | 260 | 270 | 479 |
| 344 | 228 | 355 | 789 | 339 | 790 | 449 | 125 | 126 | 677 |

**बीते चार सप्ताह के रिकार्ड**

| कल्याण | | | | | | राजधानी | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 91 | 16 | 84 | 20 | 84 | 47 | 40 | 92 | 89 | 81 | 10 |
| 52 | 96 | 53 | 11 | 70 | 82 | 29 | 05 | 03 | 87 | 43 |
| 91 | 97 | 67 | 79 | 09 | 87 | 19 | 35 | 38 | 36 | 81 |
| 78 | 52 | 12 | 72 | 64 | 17 | 20 | 00 | 17 | 57 | 45 |

**जनवरी 2025 से दिसम्बर 2025 तक के रूके जोड़भाव-पेनल**

कल्याण 2024- 22-86
2025- 22-32-37-50-86-92-90
1-245-227-777 2-228-499-688-444-3-166-
4-680-338-400-888 5-230-249-113-122
-177-366-799-889-555 6-330-466-600-222
7-188- 700-999 8-567-440-477- 666
9-144-199-559-577-333 0-118-668-000

राजधानी नाईट 2024- -88
2025- -24-33-30-49-56-66-67-75- 78-88-80-95
-99-90-01
1-146-290-119-777, 2-660- 778-444,3-166-300
-599-111, 4-112-220-338-699-888, 5-366-447-555
6-556-600-222, 7-449-700-999, 8-189-288
-666, 9-289-117-199-388-577- 333,
0-550-668-000

चेतावनी :- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

***गोवा के नाइट क्लब में भीषण अग्निकांड : सिलेंडर....***

सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया था। उन्होंने कहा हम क्लब प्रबंधन और उन अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे जिन्होंने अग्नि सुरक्षा नियमों की अवहेलना की।मुख्यमंत्री ने बताया कि यह दुर्घटना ऐसे समय हुई है जब तटीय राज्य में बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार इस घटना की गहन जांच कराएगी और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

**पहचान का काम जारी :** पुलिस के मुताबिक मृतकों में कई क्लब कर्मचारी शामिल थे, जो आग फैलने के दौरान बाहर निकल नहीं पाए। कई शव पहचान योग्य स्थिति में नहीं होने के कारण उनके परिवारों को बुलाकर डीएनए जांच की तैयारी की जा रही है। इस हादसे ने गोवा के नाइटलाइफ प्रतिष्ठानों में सुरक्षा मानकों को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय निवासियों ने मांग की है कि सरकार सभी क्लबों और बार में अग्नि सुरक्षा मानकों की व्यापक जांच कराए।

***इंडिगो ने पकड़ी रफ्तार, सरकार....***

कि आज सभी टर्मिनल सामान्य रूप से चल रहे हैं। चेक-इन, सिक्योरिटी और बोर्डिंग पॉइंट पर भीड़ नहीं है। एयरपोर्ट ऑपरेटर्स और सीआईएसएफ ने भी ग्राउंड सपोर्ट बढ़ाया है। स्थ्मष्ट का कंट्रोल रूम 24 घंटे काम कर रहा है। यहां से उड़ानों, एयरपोर्ट की स्थिति और यात्रियों की मदद पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। जरूरत पड़ने पर तुरंत सहायता दी जा रही है। मंत्रालय ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा उसकी पहली प्राथमिकता है और हालात जल्दी ही पूरी तरह सामान्य हो जाएंगे।

***देवी के दर्शन करने जा...***

के सदस्य थे और वे मंदिर दर्शन के लिए एक साथ यात्रा कर रहे थे। मृतकों में विठ्ठल पटेल (65), लता पटेल (60), कीर्ति पटेल (50), रसीला पटेल (50), पचन पटेल (60) और मनीबेन पटेल (60) के तौर पर हुई है। हादसे के बाद पीड़ित परिवार में कोहराम मच गया है।

***संसद सत्र दूसरा हफ्ता : आज वंदे मातरम...***

मातरम् की 150वीं वर्षगांठ पर वर्ष भर आयोजित होने वाले समारोह का हिस्सा है.प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उस पर 1937 में इस गीत से प्रमुख छंदों को हटाने और विभाजन के बीज बोने का आरोप लगाया था.सात नवंबर को, मोदी ने वंदे मातरम् के 150वें वर्ष के उपलक्ष्य में वर्ष भर आयोजित होने वाले समारोहों की शुरुआत की, जिसका उद्देश्य विशेष रूप से युवाओं और छात्रों के बीच इस गीत के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है.

***फिल्ममेकर विक्रम भट्ट और उनकी....***

अनुपम खेर लीड रोल में नजर आए थे। इसके बाद नवंबर में विक्रम भट्ट ने इन आरोपों से इनकार किया था। उन्होंने कहा था कि मैंने एफआईआर पढ़ी है और मेरे विचार से यह भ्रामक है। पुलिस पूरी तरह से गुमराह हो गई है क्योंकि एफआईआर में लिखी बातें बिल्कुल गलत हैं। जाहिर है कि उन्होंने कुछ मनगढ़ंत और जाली दस्तावेज बनाए होंगे। मुझे ठीक-ठीक नहीं पता कि क्या, लेकिन जरूर कुछ ऐसा होगा। जिसका इस्तेमाल उन्होंने पुलिस को यकीन दिलाने के लिए किया होगा। विक्रम भट्ट ने यह भी दावा किया था कि डॉ. मुर्डिया ने अचानक विराट नाम की एक और फिल्म का प्रोडक्शन रोक दिया और इसमें शामिल तकनीशियनों को पेमेंट नहीं की।

## अलास्का में 7.0 तीव्रता का भूकंप

नई दिल्ली। अमेरिका के अलास्का राज्य में शनिवार को 7.0 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया, जिससे राज्य के कई इलाकों में हड़कंप मच गई. अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के मुताबिक यह भूकंप सुबह 11:41 बजे याकुतत के उत्तर-पूर्व में आया. झटके कनाडा के कुछ हिस्सों में भी महसूस किए गए. इतना ही नहीं भूकंप के बाद 5 तीव्रता के कई आफ्टरशॉक्स भी दर्ज किए गए.

अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, अलास्का अर्थक्केक सेंटर के ऑपरेशंस डायरेक्टर ऑस्टिन हॉलैंड ने बताया कि अब तक किसी तरह के नुकसान या लोगों के घायल होने की सूचना नहीं मिली है. हालांकि उन्होंने स्वीकार किया कि भूकंप ÷काफी शक्तिशाली÷ था और इसे आसपास के कई इलाकों में तेजी से महसूस किया गया. उन्होंने कहा कि भूकंप जिस क्षेत्र में आया है, वहां बड़े फॉल्ट्स होने के कारण इस तरह की गतिविधि असामान्य नहीं है. भूकंप के बाद आफ्टरशॉक्स का सिलसिला भी जारी रहा. अलास्का अर्थक्केक सेंटर ने बताया कि 20 से ज्यादा आफ्टरशॉक्स दर्ज किए गए हैं, जिनमें कुछ की तीव्रता 5.0 से अधिक रही. स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, राज्य के मुख्य भूकंप विज्ञानी माइकल वेस्ट ने कहा कि इतनी तीव्रता का भूकंप जमीन धंसने, सड़कें टूटने या भूस्खलन जैसी घटनाओं का कारण बन सकता है. उन्होंने हालांकि यह भी बताया कि अभी तक ऐसी किसी घटना की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है.

विशेषज्ञों के अनुसार आने वाले कई दिनों तक आफ्टरशॉक्स जारी रह सकते हैं. हॉलैंड ने कहा कि इनके ÷काफी अधिक÷ होने की संभावना है, हालांकि किसी बड़े भूकंप की आशंका बहुत कम है. इस घटना पर राहत की बात यह रही कि राष्ट्रीय महासागरीय और वायुमंडलीय प्रशासन ने स्पष्ट किया कि भूकंप के बाद किसी तरह का सुनामी खतरा नहीं है. नेशनल सुनामी सेंटर ने भी एक्स पोस्ट में कहा कि सुनामी की कोई आशंका नहीं है. भूकंप की तीव्रता को लेकर ने बताया कि मोमेंट मैग्नीट्यूड स्केल पर 7.0 का भूकंप बेहद तेज माना जाता है.

### फाइनल हो गई उद्घाटन की तारीख! 120 किमी की स्पीड से सरपट दौड़ेंगी गाड़ियां

नई दिल्ली। जनवरी में मेरठ से प्रयागराज का सफर सुहाना हो जाएगा. गंगा एक्सप्रेसवे बनकर तैयार है. दिसंबर में ट्रायल रन करने की तैयारी चल रही है. ट्रायल से पहले एक्सपर्ट्स की टीम इंस्पेक्शन करके जरूरी सर्टिफिकेट जारी करेगी. इसके बाद ट्रायल रन की तारीख का ऐलान किया जाएगा. जनवरी के दूसरे हफ्ते में इसे जनता को समर्पित किए जाने की उम्मीद है. एक्सप्रेसवे के तीसरे सेक्शन में उन्नाव-हल्द्वानी सेक्शन में सिर्फ दो परसेंट काम बाकी है. इसके अलावा, मेरठ-बदायूं सेक्शन समेत पूरा एक्सप्रेसवे ऑपरेशन के लिए तैयार है. मेरठ से प्रयागराज तक 594 द्मद्व लंबे एक्सप्रेसवे में कुल 1498 बड़े स्ट्रक्चर हैं, जिनमें से 1497 पूरे हो चुके हैं. मेरठ से बदायूं तक पहले सेक्टर में 129 द्मद्व की लंबाई में कुल 322 बड़े स्ट्रक्चर शामिल हैं. सिंभावली समेत इन सभी पर काम पूरा हो चुका है.

# बालोद खनिज विभाग पर गंभीर सवाल : प्रेस रिपोर्टर क्लब के दबाव में पहुंचे अधिकारी, अवैध उत्खनन पर प्रशासन की चुप्पी क्यों?



बालोद (दावा)। छत्तीसगढ़ का बालोद जिला एक बार फिर प्रशासनिक सुस्ती और खनिज माफियाओं के गठजोड़ को लेकर सुर्खियों में है। प्रेस रिपोर्टर क्लब बालोद द्वारा उजागर किए गए ताज़ा मामले ने न सिर्फ खनिज विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं, बल्कि यह भी बताया है कि जिले में अवैध उत्खनन किस तरह खुलेआम फल-फूल रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता मोहन निषाद ने आरोप लगाया कि विधानसभा में सवाल-जवाब के बीच बालोद खनिज विभाग, विशेषकर खनिज अधिकारी मीनाक्षी साहू, जमीन पर हो रहे अवैध खनन पर ध्यान ही नहीं दे रही हैं। मामला ग्राम मड़वापथरा ग्राम पंचायत राणा खुज्जी, तहसील मार्री बांग्ला का है, जहां निजी भूमि खसरा नंबर 560/2, 560/3 और 561/2 कुल 0.83 हेक्टेयर क्षेत्र में मुरूम उत्खनन किया जा रहा है। इतना ही नहीं–जो कागज़ अनुमति के लिए दिखाया जा रहा है, खनन उससे बिल्कुल अलग जगह किया जा रहा है। यह खुलासा स्वयं मुरूम चोरों द्वारा दिए गए दस्तावेजों से हुआ है। बालोद खनिज अधिकारी मीनाक्षी साहू के बारे में ग्रामीणों का तंज है कि 'मैडम हॉट सीट पर बैठकर बुद्धि आजमा रही हैं, लेकिन बालोद में हो रहे करोड़ों के खनिज चोरी पर आंखें मूंदे बैठी हैं।' हैरानी की बात यह है कि जिला प्रशासन को फोन करने पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई लेकिन जब प्रेस क्लब रिपोर्टर के सदस्यों ने रायपुर खनिज निदेशक को फोन लगाया, तब दबाव के कारण चार घंटे बाद अधिकारी राणा खुज्जी पहुंचे।

ग्रामीणों ने तीखा सवाल उठाया है कि अगर मीडिया के बुलाने पर खनिज विभाग को इतने घंटे लगते हैं, तो आम जनता की शिकायतों पर विभाग कब और कैसे पहुंचेगा? सूत्रों का दावा है कि खनिज माफिया जितेंद्र वैष्णव बालोद जिले के कई स्थानों पर अवैध मुरूम उत्खनन में सक्रिय है। बिना रॉयल्टी, बिना अनुमति, खुलेआम ट्रैक्टर-हाईवा भरकर मुरूम निकाला जा रहा है, जिससे माफिया की संपत्ति दिन दोगुनी रात चौगुनी बढ़ रही है। राणा खुज्जी इसका ताज़ा और प्रत्यक्ष उदाहरण है। रायपुर से वरिष्ठ अधिकारियों के दबाव के बाद एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार और पटवारी मौके पर तो पहुंचे, लेकिन ग्रामीणों के अनुसार कार्रवाई सिर्फ औपचारिकता बनकर रह गई। भ्रष्टाचार में पैसों की खनक से अवैध गौण खनिज माफिया का साम्राज्य पनप रहा बालोद जिला आज राज्यभर में गलत कारणों से पहचान बना रहा है। गौण खनिज माफिया द्वारा हर महीने लाखों के 'पैकेज' प्रशासनिक कमजोरियों और मिलीभगत का प्रमाण माना जा रहा है। इस पूरे घटनाक्रम ने साफ कर दिया है कि बालोद जिले में खनिज संपदा की लूट प्रशासन की नाक के नीचे जारी है। अगर खनिज अधिकारी और जिला प्रशासन तत्काल कठोर कार्रवाई नहीं करते, तो खनिज माफिया न सिर्फ सरकारी राजस्व की भारी हानि पहुंचाएंगे, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों की जमीन और पर्यावरण को भी अपूरणीय क्षति होगी। ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों ने प्रशासन को कड़े शब्दों में चेतावनी दी है कि 'हॉट सीट की चमक छोड़कर जमीनी हकीकत पर ध्यान दें, वरना बालोद जिला खनिज चोरी की राजधानी बनकर रह जाएगा।'

# खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखता हैं, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व और विपरीत परिस्थितियों में डटे रहने की क्षमता भी विकसित करता- सुश्री सुरुचि सिंह

## केंद्रीय विद्यालय राजनांदगांव में 'वार्षिक खेल दिवस' का भव्य आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। शिक्षा के साथ-साथ शारीरिक विकास के महत्व को रेखांकित करते हुए, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय राजनांदगांव में 05 दिसम्बर 2025 को अपने विद्यालय प्रांगण में वार्षिक खेल दिवस का शानदार आयोजन किया। इस अवसर पर, जिला पंचायत राजनांदगांव के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री सुरुचि सिंह, आई.ए.एस. ने मुख्य अतिथि के रूप में अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई।

मुख्य अतिथि महोदया ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में विद्यार्थियों को खेल भावना और टीमवर्क के महत्व से परिचित कराया। उन्होंने कहा कि 'खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व और विपरीत परिस्थितियों में डटे रहने की क्षमता भी विकसित करते हैं। आप सभी विद्यार्थी देश का भविष्य हैं, और खेल के मैदान पर मिली सफलता जीवन के हर क्षेत्र में आत्मविश्वास देती है।' कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण और मशाल प्रज्ज्वलित कर किया गयाए जिसके बाद छात्रों ने भव्य मार्च पास्ट प्रस्तुत किया।

विद्यालय प्राचार्य मनोज कुमार ने मुख्य अतिथि सीईओ सुश्री सुरुचि सिंह का पुष्पगुच्छ देकर हार्दिक अभिनंदन किया दिन भर आयोजित हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं में



जिपं सीईओ ने बढ़ाया खिलाड़ियों का उत्साह

कक्षा 1 से 12 तक के सैकड़ों विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिनमें 30 मीटर दौड़, कप.बाल दौड़, मेंढक दौड़, नींबु. स्पून दौड़, 100»4मीटर रिले रेस, डक रेस, 200 मीटर दौड़, कुर्सी दौड़, लंबी कूद, गोला फेंक (शॉटपुट) और रिले रेस प्रमुख थीं। छात्रों द्वारा रंगारंग पीटी प्रदर्शन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों का मन मोह लिया। शिक्षकों और अभिभावकों के लिए भी विशेष मनोरंजक खेल आयोजित किए गए। कार्यक्रम के अंत में, मुख्य अतिथि सीईओ महोदया ने सभी विजेता खिलाड़ीयों को मेडल और प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार ने सफल आयोजन के लिए सभी शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि 'हमारा उद्देश्य छात्रों को एक सर्वांगीण व्यक्तित्व प्रदान करना है, और खेल दिवस इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।' यह आयोजन खेलए समर्पण और अनुशासन की भावना को समर्पित एक यादगार दिन रहा, जिसने छात्रों को 'स्वस्थ तन में स्वस्थ मन' के संदेश से प्रेरित किया।

# कलडबरी में संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का भव्य समापन, विधायक भोलाराम साहू हुए शामिल



छुरिया (दावा)। ग्राम पंचायत कलडबरी में संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन समारोह दिनांक 06 दिसंबर 2025 को हर्षोल्लास और उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। विभिन्न स्कूलों से आए बाल खिलाड़ीयों ने शानदार खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि खुज्जी विधानसभा के लोकप्रिय विधायक माननीय भोलाराम साहू रहे। उनके आगमन से कार्यक्रम में ऊर्जा का संचार हुआ। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि ''शिक्षा और खेल जीवन को एक नई दिशा देते हैं। अनुशासन, मेहनत और समर्पण से ही बच्चे भविष्य में सफलता प्राप्त कर सकते हैं।''

उन्होंने खिलाड़ियों को लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने और क्षेत्र का नाम रोशन करने की प्रेरणा दी। माननीय विधायक ने आयोजन समिति, शिक्षकों, अभिभावकों एवं ग्रामीणों के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही इस प्रकार की प्रतियोगिताएं सफलतापूर्वक आयोजित हो पाती हैं। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे-राजू सिन्हा, अध्यक्ष कार्यकारिणी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छुरिया श्रीमती जंत्री बाई साहू, सरपंच ग्राम पंचायत कलडबरी, तोरण दास साहू, समाजसेवी शिकारीमहका, शिव कुमार साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य, बेदाराम साहू, ग्राम पटेल चैतूराम रावटे, गोपीराम अंधिया, सरपंच राना मटिया, पंचगण-राजेंद्र साहू, श्रीमती लुकेश्वरी निषाद, दिलेश्वरी पटेल, लीला बाई साहू, उत्तरा कुमार साहू साथ ही बड़ी संख्या में अभिभावकगण, ग्रामीणजन, संकुल के शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# लोहिया पेपर के धरमपुरा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर रायपुर में सैकड़ों लोग हुए लाभान्वित



रायपुर (दावा)। लोहिया पेपर एंड बोर्ड प्रा.लि. रायपुर एवं श्रीराम पैथालाजी लैब के संयुक्त तत्वाधान में सीएसआर के अतंर्गत 7 दिसम्बर 2025 को सुबह 9.30 बजे से निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण हाउसिंग बोर्ड कालोनी धरमपुरा रायपुर (छ.ग.) में सम्पन्न हुआ।

जिसमें सीबीसी, ईएसआर, एलएफटी, आरएफटी, लिपीड प्रोफाईल, थायराईड प्रोफाईल बी.पी. शुगर एंड फुलबाडी चेकअप आदि किया गया।

शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि पुराणिक साहू (उपसरपंच) धरमपुरा रायपुर (छ.ग.) और कम्पनी के प्रतिनिधि सुजीत कुमार झा के हाथों हुआ। निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में सैंकड़ों लोगों ने फ्री में अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराकर लाभ लिया।

# तिलईरवार में राष्ट्रव्यापी उल्लास साक्षरता परीक्षा महाअभियान 7 दिसंबर 2025 को संपन्न हुआ



राजनांदगांव (दावा)। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान नई दिल्ली की पहल पर राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा महाअभियान का आयोजन ग्राम तिलईरवार में परीक्षा केंद्र शासकीय प्राथमिक शाला तिलईरवार में रविवार 7 दिसंबर 2025 को संपन्न हुआ।

इस उल्लास साक्षरता परीक्षा में थंगेश्वर कुमार साहू व्याख्याता राज्यपाल पुरस्कार हेतु चयनित शिक्षक, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार निरीक्षक के रूप में उपस्थित रहे एवं आपके विद्यालय के दो छात्राएं कुमारी यामिनी निर्मलकर, कुमारी प्रियांशु साहू ने वी टी के रूप में असाक्षर लोगों को साक्षर बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिए। थंगेश्वर कुमार साहू ने बताया कि उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम का उद्देश्य किन्हीं कारणों से साक्षरता और संख्या ज्ञान अर्जित नहीं करने वाले 15 वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग वाले व्यक्तियों को पढ़ने लिखने के अवसर उपलब्ध कराना है। इस संदर्भ में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की अनुशंसाओं की क्रियान्वयन के लिए 1 अप्रैल 2022 से भारत सरकार द्वारा उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम उल्लास प्रारंभ किया गया है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान, महत्वपूर्ण जीवन कौशल, व्यावसायिक कौशल, बुनियादी शिक्षा और सतत शिक्षा का विकास करना है। इस परीक्षा में गांव के रामनरेश, विश्वासाबाई, मूलचंद, कामताबाई, चैती बाई, सुशीला बाई आदि ने परीक्षार्थी के रूप में उपस्थित रहे।

# तुर्रेगढ़ एवं नादिया (कु.) में शत-प्रतिशत पूर्ण पर जिपं अध्यक्ष किरण वैष्णव ने दी बधाई



मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का किया निरीक्षण

छुरिया (दावा)। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर अभियान) के अंतर्गत आज जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने विभिन्न ग्रामों का दौरा कर पुनरीक्षण कार्यों की वास्तविक स्थिति का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बीएलओ, पर्यवेक्षकों तथा स्थानीय अधिकारियों से बैठक कर प्रगति रिपोर्ट की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम के दौरान जब ग्राम तुर्रेगढ़ एवं नादिया (कु.) में मतदाता पुनरीक्षण कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण होने की जानकारी मिली, तो उन्होंने टीम के समर्पण की सराहना करते हुए सभी अधिकारियों और सहयोगी कर्मचारियों को हृदय से बधाई दी।श्रीमती वैष्णव ने कहा-'मतदाता ही लोकतंत्र की शक्ति हैं।'

मतदाता सूची का हर नाम, हर घर की आवाज़ है। तुर्रेगढ़ और नादिया (कु.) की टीमों ने जिस समर्पण और ईमानदारी से शत-प्रतिशत कार्य पूरा किया है, वह पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। ऐसे प्रयास लोकतंत्र को मजबूत ही नहीं करते, बल्कि आने वाली पीढ़ीयों के लिए एक प्रेरणादायक संदेश भी छोड़ते हैं। ''उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पुनरीक्षण कार्य सिर्फ एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि नागरिकों को उनकी लोकतांत्रिक पहचान सुनिश्चित कराने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि'' जहां भी पुनरीक्षण कार्य शेष है, वहां सभी नागरिक स्वयं आगे बढ़कर सहयोग करें ताकि कोई भी योग्य मतदाता सूची से वंचित न रह जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शेष ग्रामों में भी अभियान को पारदर्शिता, गति और संवेदनशीलता के साथ पूर्ण किया जाए, तथा विशेष रूप से नए मतदाताओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों की प्रविष्टियों पर प्राथमिकता दी जाए।

उन्होंने क्षेत्र के लोगों, जनप्रतिनिधियों और मतदाता सूची में कार्यरत सभी फील्ड स्टाफ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि- ''हम सब मिलकर ही सशक्त लोकतंत्र का निर्माण कर सकते हैं।''

# दो महिलाओं ने मिलकर एक महिला को पीटा

कवर्धा(दावा)। जिले में मानवता को शर्मसार करने वाला एक और मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें दो महिलाएं मिलकर एक महिला की बेरहमी से पिटाई करती दिखाई दे रही हैं। हैरानी की बात यह है कि आरोपी महिलाओं के परिजन न सिर्फ मौके पर मौजूद थे, बल्कि मारपीट जारी रखने की हिदायत भी देते नजर आ रहे थे। यह घटना जिले के कुंडा थाना क्षेत्र के महली गांव की बताई जा रही है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद भी पुलिस ने तुरंत और कठोर कार्रवाई नहीं की। आरोप है कि पीड़ित पक्ष की शिकायतों को शुरू में नजरअंदाज़ किया गया और पुलिस कार्रवाई को लेकर लगातार सवाल उठने लगे। मामले के तूल पकड़ने के बाद कुंडा थाना पुलिस ने अंततः दोनों पक्षों के खिलाफ स्नद्धक्र दर्ज कर ली है। हालांकि पीड़ित परिवार का आरोप है कि पुलिस शुरुआत से ही मारपीट करने वाली महिलाओं को बचाने की कोशिश कर रही है और निष्पक्ष जांच नहीं हो रही है।

# महापरिनिर्वाण दिवस पर विधायक ने अंबेडकर प्रतिमा पर अर्पित की पुष्पांजलि



संविधान और बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात करने की अपील

खैरागढ़ (दावा)। भारत के संविधान निर्माता और सामाजिक न्याय के अग्रदूत डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर आज खैरागढ़ विधानसभा की सरल, विनम्र एवं लोकप्रिय विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने अंबेडकर चौक पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी और नागरिक उपस्थित रहे। विधायक वर्मा ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन संविधान की आत्मा-समानता, न्याय, स्वतंत्रता और बंधुत्व-का जीवंत दर्शन है। उन्होंने समाज में व्याप्त भेदभाव, छुआछूत, कुरीतियों और अंधविश्वास के खिलाफ आजीवन संघर्ष कर एक लोकतांत्रिक और समतामूलक भारत की आधारशिला रखी। उन्होंने कहा कि अंबेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब हम संविधान में निहित मौलिक अधिकारों, कर्तव्यों और प्रस्तावना के आदर्शों को अपने आचरण और जीवन में उतारें। संविधान के प्रति सम्मान ही राष्ट्र को प्रगति की दिशा में आगे बढ़ाता है। कार्यक्रम में नीलांबर वर्मा, मनराखन देवांगन, अशोक साहू, संतोष वर्मा, संदीप सिरमौर, अनुराग तुरे, अरुण भारद्वाज, पूरन सारथी, भरत चंद्राकर, चंदन वर्मा, नरेन्द्र सेन, दीपक देवांगन, ओम साहू, गोलू पाल, ब्लॉक अध्यक्ष, सोनू ढीमर, दिनेश वर्मा सहित अनेक नागरिक मौजूद रहे।

# 52 गांवों का आस्था केंद्र राजा राव पठार कर्रेझर, 2014 से लगातार हो रहा है विराट वीर मेला

राजनांदगांव/गुरुर (दावा)। छत्तीसगढ़ के तीन जिलों–बालोद, धमतरी और कांकेर के सर्व आदिवासी समाज द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित होने वाला विराट वीर मेला इस वर्ष भी शहीद वीर नारायण सिंह की शहादत की स्मृति में भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। यह त्रिदिवसीय आयोजन 8, 9 एवं 10 दिसंबर को ऐतिहासिक और पवित्र स्थल राजा राव पठार कर्रेझर में संपन्न होगा।

### 2014 से स्थापित हुई परंपरा

ग्राम पंचायत कर्रेझर में इस विराट मेले की शुरुआत वर्ष 2014 में हुई थी। पुजारी रामाधीन दुग्गा ने बताया कि आदिवासी समाज की 32त्न मांगें शासन-प्रशासन द्वारा पूर्ण किए जाने के उपलक्ष्य में इसे आनंद उत्सव के रूप में शुरू किया गया था। यह आयोजन हर वर्ष उसी परंपरा को निभाते हुए लगातार हो रहा है। पुजारी ने बताया कि पहला मेला आयोजित करने से पूर्व राजा राव पठार, लिंगो बाबा, चरवाहा बाबा, मां कंकालिन माता, और शीतला माता से स्वीकृति ली गई थी। इसके बाद मेले स्थल पर बड़ादेव देवगुड़ी और प्रमुख स्तंभ (खंभा) की स्थापना की गई, जो आज भी श्रद्धा का प्रमुख केंद्र है।

### 52 गांवों की समस्याओं का समाधान स्थल

राजा राव पठार प्राचीन समय से ही 52 गांवों के लोगों की आस्था का केंद्र रहा है। लोग नौकरी, झगड़ा-फसाद, कोर्ट-कचहरी विवाद, भीषण अकाल, पानी की समस्या, बीमारी एवं पारिवारिक संकट जैसी हर समस्या लेकर यहां राजा राव बाबा के पास आते थे। मान्यता है कि राजा राव बाबा लिंगो बाबा को आदेश देकर क्षेत्र में बारिश करवाते थे और लोगों की दिक्कतें दूर करते थे। पुजारी रामाधीन दुग्गा, जो अपने पिता कन्हई राम दुग्गा की परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने बताया कि बाबा का वार शुक्रवार माना जाता है और इस दिन विशेष पूजा-अर्चना होती है।



8 से 10 दिसंबर तक चलेगा त्रिदिवसीय भव्य आयोजन, दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना

### आयोजन की तैयारी और नियम

आदिवासी युवा प्रकोष्ठ प्रभाग के पूर्व अध्यक्ष एवं संरक्षक नागेश्वर सलाम ने बताया कि मेले की तैयारी 15 दिन पहले शुरू हो जाती है। इस वर्ष मेले में लगभग 2 लाख श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। जिसमें 42 जनजातियों के लोग शामिल होते हैं, जो इसे राज्य के सबसे बड़े आदिवासी मेलों में से एक बनाता है। राजा राव बाबा उत्थान समिति के अध्यक्ष भुवनेश्वर सिंह कवेची ने प्राचीन परंपराओं की जानकारी देते हुए बताया। प्राचीन परंपराओं के अनुसार महिलाओं का बाबा स्थल में प्रवेश पूर्णतः वर्जित है। कुंवारे युवाओं को प्रसाद नहीं दिया जाता है।

### घने जंगल से विशाल मैदान तक

नागेश्वर सलाम ने बताया कि राजा राव पठार कभी घने जंगलों के बीच था। गांव के प्रत्येक परिवार के सदस्यों ने लगातार श्रमदान, सफाई अभियान और सेवा भाव से इस क्षेत्र को व्यवस्थित एवं विशाल मेला मैदान में बदल दिया है। आज यह स्थान परंपरा, संस्कृति और आस्था का अनूठा संगम प्रस्तुत करता है।

### मेले में प्रमुख कार्यक्रम

तीन दिवसीय इस भव्य आयोजन में पारंपरिक पूजा-अर्चना, जनजातीय नृत्य, सांस्कृतिक कार्यक्रम, समाजिक बैठकें, श्रद्धालुओं के लिए भंडारा, पारंपरिक अनुष्ठान और वीर शहीद नारायण सिंह को श्रद्धांजलि सहित कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। यह मेला आदिवासी समाज की आस्था, परंपरा, संघर्ष और एकता का सजीव प्रतीक है।

# 14 लाख की ठगी के आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

दुर्ग (दावा)। भिलाई जिले में पुलिस ने 14 लाख की ठगी के मामले में 24 घंटे के अंदर बड़ा खुलासा किया है। एटीएम में पैसे जमा करने जा रहे एजेंसी कर्मी से 14 लाख से अधिक रुपये की लूट का मामला झूठा निकला। एजेंसी कर्मी ने खुद ही लूट की झूठी कहानी गढ़ कर पैसे एक एटीएम में छुपाए थे। फिलहाल पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

दरअसल, कल रात कुम्हारी के कपसदा में एटीएम में पैसे जमा करने जा रहे एजेंसी के दो कर्मियों से 14 लाख से अधिक रुपये की लूट का मामला सामने आया था। आरोपी कर्मचारी ने पुलिस को बताया कि शनिवार शाम एटीएम में कैश डालने के लिए वह एजेंसी के कर्मचारी के साथ गाड़ी से जा रहा था। तभी रास्ते में बाइक सवार दो युवक गिरते हुए दिखाई दिए। जैसे ही वह उन्हें उठाने के लिए गाड़ी से उतरा, तभी बदमाशों ने मौका पाकर गाड़ी में रखे कैश वाले बैग से 14 लाख 60 हजार रुपये निकाल लिए और फरार हो गए।

इसके बाद इस घटना की सूचना कर्मियों ने तुरंत पुलिस को दी।घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस सक्रिय हुई और आसपास के इलाकों में नाकाबंदी कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी।पूछताछ में सामने आया कि लूट की कहानी पूरी तरह से झूठी थी।

# उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने किया साहू समाज के राज्य स्तरीय 34वां युवक-युवती परिचय सम्मेलन का शुभारंभ





राजनांदगांव (दावा)। साहू समाज की एकजुटता, सांस्कृतिक धरोहर और युवा सशक्तिकरण को समर्पित छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं शपथ ग्रहण समारोह का भव्य आयोजन आज राजनांदगांव के साहू सदन में हुआ। कार्यक्रम में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरूण साव मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। जहां समाजजनों ने उनका उत्साहपूर्वक स्वागत किया।

उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने साहू सदन परिसर में निर्मित मां कर्मा मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य और नव-निर्मित डोम शेड का विधिवत लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मां कर्मा हमारी आस्था का केंद्र हैं। मंदिर का जीर्णोद्धार समाज में सांस्कृतिक संरक्षण और मूल्यबोध को सुदृढ़ करेगा। उन्होंने समाजजनों को बधाई देते हुए कहा कि यह पहल सामाजिक एकता और सामूहिक प्रयासों का उत्कृष्ट उदाहरण है। उप मुख्यमंत्री ने मंच से संबोधित करते हुए कार्यक्रम में शामिल बड़ी संख्या में उपस्थित युवक-युवतियों को शुभकामनाएँ दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि युवाओं के सामने अपार संभावनाएं हैं। प्रतिस्पर्धा के इस युग में साहू समाज के युवा अपनी मेहनत और योग्यता से प्रदेश और देश में अपनी अलग पहचान बना रहे हैं। समाज, सरकार और परिवार सब मिलकर यदि दिशा दें तो दुनिया की कोई शक्ति उन्हें रोक नहीं सकती।उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे परिचय सम्मेलन युवाओं को एक-दूसरे को समझने, संवाद बनाने और सांस्कृतिक मूल्यों के साथ नए जीवन की शुरुआत के लिए महत्वपूर्ण मंच प्रदान करते हैं। कार्यक्रम के दौरान मंच पर उपस्थित वरिष्ठ अतिथियों ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने समाज में शिक्षा, जागरूकता, कौशल विकास, महिला सशक्तिकरण और संगठन की मजबूती पर जोर दिया।

## मां कर्मा मंदिर का जीर्णोद्धार और डोम शेड समर्पित, युवाओं को सामाजिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा

कार्यक्रम में आमंत्रित सभी अतिथियों ने इस तरह के आयोजन को समाज के विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया और इसे निरंतर जारी रखने की आवश्यकता जताई। राजनांदगांव में आयोजित इस सम्मेलन में प्रदेश के विभिन्न ज़िलों से आए साहू समाज के युवक-युवतियों और परिजनों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। परिसर में पूरे दिन उत्साह, सांस्कृतिक भाव, संवाद और पारिवारिक माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, कसडोल विधायक संदीप साहू, छत्तीसगढ़ तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष जितेन्द्र साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती किरण साहू अध्यक्ष, प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ. नीरेन्द्र साहू, जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू अलावा बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी, मातृशक्ति, युवा और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में न केवल साहू समाज की सांस्कृतिक पहचान को सशक्त किया। बल्कि युवाओं को एकजुट करने और समाज के संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। पूरे आयोजन में अनुशासन, गरिमा और उत्साह की झलक साफ दिखाई दी। इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले विशेषकर मीडिया प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष प्रवक्ता अंकालू साहू, वरिष्ठ पत्रकार दीपक साहू, महेश्वर साहू आदि का शाल, श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। इस गरिमामय अवसर पर खुज्जी विधायक भोलाराम साहू, छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू, संरक्षक द्वय कमल किशोर साहू, मोतीलाल साहू, जिला अध्यक्ष भागवत साहू, उपाध्यक्ष शैलेन्द्र साहू, नीरा साहू, महामंत्री नीलमणी साहू, कोषाध्यक्ष नोबल साहू, टोमन साहू, डॉ. महेश साहू, चंद्रशेखर साहू, कुलेश्वर साहू, माधव साहू आदि बड़ी संख्या में जिले सहित प्रदेशभर के सामाजिक पदाधिकारी एवं परिचय दे रहे युवक-युवती के पालकों की उपास्थिति रही। कार्यक्रम सफल संचालन महामंत्री नीलमणी साहू एवं परदेशी राम साहू ने किया। कार्यक्रम का आभार व्यक्त जगमोहन साहू ने किया।

# विधानसभा में सरकार को घेरने की तैयारी : छग सरकार की इतनी बड़ी नाकामी कभी सोचा नहीं था - डॉ. चरणदास महंत



राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी में कांग्रेस अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार के निवास स्थान उन्हें बधाई देने नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत पहुंचे। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के द्वारा उनका आतिशबाजी के साथ स्वागत किया।

गौरतलब है कि छग के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने सरकार को विधानसभा में घेरने की बात कही है। पत्रकारों से चर्चा कर उन्होंने कहा कि स्टाम्प ड्यूटी में 500 गुना वृद्धि के साथ-साथ जमीन खरीदी-बिक्री में दाम बढ़ा दिए गए हैं, किसान को ठगा जा रहा है। धान खरीदी जितनी होनी चाहिए नहीं की जा रही है। शहर में आए दिन चाकूबाजी की घटनाएं सामने आ रही है। किसी सरकार की इतनी बड़ी विफलता मैने कभी सोचा नहीं था। छग प्रदेश बहुत शांत प्रदेश के रूप में प्रचलित रहा है। वहां ऐसी घटनाएं निंदनीय है।

डॉ. महंत ने कहा कि किसानों को टोकन नहीं मिलने से किसान आत्महत्या करने पर मजबूर हो गए हैं। ऐसी स्थिति में विपक्ष विरोध करेगा, सड़क से सदन तक की लड़ाई जारी रहेगी। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने तंज कसते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास पर एक मात्र फोटो खिंचवाई जा रही है, जिसकी जमीनी हकीकत कुछ और है।

### खैरागढ़ में सीमेंट फैक्ट्री को लेकर कही बड़ी बात

किसानों की बिना अनुमति के गांव में फैक्ट्री नहीं खोलनी चाहिए, जिससे उन्हें असुविधा हो, बड़े बड़े जल, जंगल बड़े उद्योगपतियों को दिया जा रहा है, जिससे किसान आहत है। बस्तर में भी बड़े बड़े उद्योगपतियों को कब्जा दिया जा रहा है वो दिन दूर नहीं जब गांव के गरीब लोग अपनी जगह से बाहर निकाले जाएंगे। आदिवासी वनवासियों की परवाह सरकार को करनी चाहिए।

### शिक्षकों को कुत्ता पकड़ने की बात पर करारा प्रहार

उन्होंने कहा कि शिक्षक जैसे पद पर काम कर रहे लोगों का अपमान करना उचित नहीं। सारी जिम्मेदारी वाले काम शिक्षकों से करवाए जाते हैं, वे बच्चों का भविष्य बनाने के लिए हैं, कुत्ते पकड़ने के लिए नहीं। युवा वर्ग को नई कमान सौंपने पर उम्मीद जताई कि जितेन्द्र मुदलियार नौजवान युवक को अध्यक्ष पद पर बिठाना नए युवाओं में नई ऊर्जा के समान है और सभी जगह ज्यादा से ज्यादा युवाओं को आगे बढ़ाया गया है, आज उन्हें आशीर्वाद देकर नए अवसर में अच्छा काम करने की उम्मीद जताई है।

# हाईस्कूल की प्रयोगशाला में कबर बिच्छू के निकलने से विद्यार्थियों में दहशत





## ढारा हायर सेकेंडरी स्कूल की प्राचार्य द्वारा जानकारी देते ही वन विभाग की टीम ने किया रेस्क्यू

डोंगरगढ़ (दावा)। विकासखंड के ग्राम पंचायत ढारा से वनांचल ग्राम घोटिया जाने वाले मार्ग पर स्थित हायर सेकेंडरी स्कूल ढारा में उस समय शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के मध्य दहशत व्याप्त हो गया जब प्रयोगशाला कक्ष में कबर बिच्छू को देखा गया। संस्था की प्राचार्य द्वारा तत्काल वन विभाग की एसडीओ को इसकी जानकारी दी गई। जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम ने सफलता पूर्वक रेस्क्यू किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 6 दिसंबर को प्रातः 8:30 बजे बायो-प्रयोगशाला कक्ष में कबर बिच्छू को बैठे हुए देखा गया था। कबर बिच्छू के संबंध में बताया जाता है कि यह एक जानवर है जो कब्रों के आसपास पाया जाता है और अक्सर मुर्दाखोर होता है, जो मृत जीवों को खाता है। यह छत्तीसगढ़ जैसे इलाकों में दहशत का कारण बन सकता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि बिच्छू का काटना है, बल्कि यह एक जीव जैसे कबर बिज्जू जो कि एक प्रकार की लोमड़ी या सिवेट हो सकता है। इसका इंसानों के आसपास आना है, जिससे घबराहट फैल जाती है। जबकि बिच्छू के काटने पर तुरंत डॉक्टरी मदद जरूरी होती है।

# नवविवाहिता मोनिका रामटेके की निर्मम हत्या : पति, सास और रिश्तेदार गिरफ्तार

### चरित्र शंका और विवाद के चलते सुनियोजित ढंग से सोते समय दबाया गला, चिखली पुलिस की त्वरित कार्रवाई



राजनांदगांव (दावा)। जिले की चिखली पुलिस ने नवविवाहिता मोनिका रामटेके की हत्या के सनसनीखेज मामले को सुलझाते हुए उसके पति, सास और एक रिश्तेदार सहित तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने पूछताछ में स्वीकार किया कि उन्होंने चरित्र शंका और घरेलू विवादों के चलते महिला की गला दबाकर हत्या की थी।

### मामले की जांच व गिरफ्तारी

पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में और उप पुलिस अधीक्षक तनुप्रिया ठाकुर के नेतृत्व में चिखली पुलिस चौकी ने मामले की गहन जांच शुरू की। दिनांक 26 नवंबर को जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल (पेंड्री) से मिली मेमो सूचना पर, गौरीनगर निवासी नवविवाहिता मोनिका रामटेके को मृत अवस्था में अस्पताल लाने की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। मृतिका के परिजनों के बयान और पोस्टमार्टम रिपोर्ट की सूक्ष्मता से जांच करते हुए पुलिस ने धारा-748/25, धारा-103(1), 3(5), 238 बी.एन.एस. के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की।

### ऐसे हुई वारदात

विवेचना के दौरान पुलिस ने मृतिका के पति रवि रामटेके, सास प्रमिला रामटेके और रिश्तेदार अजय उर्फ करन डोंगरे को हिरासत में लिया। पूछताछ में तीनों आरोपियों ने खुलासा किया कि वे मोनिका के साथ हमेशा लड़ाई-झगड़ा करते थे और उसके चरित्र पर शंका करते थे। इसी के चलते उन्होंने हत्या का सुनियोजित प्लान बनाया। आरोपियों ने स्वीकार किया कि 26 नवंबर को दोपहर में मोनिका के सोते समय, उन्होंने वायर से उसके गले को कसकर दबा दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। गिरफ्तारी के बाद तीनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। यह सभी आरोपी गौरीनगर, अचानक नगर, पुलिस चौकी चिखली क्षेत्र के निवासी हैं। उक्त कार्यवाही में उप पुलिस अधीक्षक तनुप्रिया ठाकुर, चौकी प्रभारी उप निरीक्षक कैलाशचंद्र मरई, प्र.आर.राज कुमार वर्मा, म.प्र.आर. माया सिंग गौर, आर. सुनील बैरागी, गोपाल पैकरा, आदित्य सोलंकी, म.आर. सिंधु फुले एवं चौकी चिखली स्टाफ का महत्वपूर्ण भूमिका व सराहनीय योगदान रहा है।

# चल्फी घाटी में लगा लंबा जाम, 300 से अधिक वाहन फंसे, लोग हुए हलाकान



कवर्धा (दावा)। रायपुर-जबलपुर नेशनल हाइवे पर लोगों को चिल्फी घाट में जाम से परेशान होना पड़ा है। छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले से होकर गुजरने वाली ह॥ 30 चिल्फी घाटी में आज दोपहर से भारी जाम की स्थिति बनी हुई है। नागमोरी मोड़ पर एक ट्रक में तकनीकी खराबी आने से वह वहीं खड़ी हो गई और उसके पीछे वाहनों की लंबी कतार लग गई। इससे यातायात पूरी तरह बाधित हो गया है। घाटी में जाम से दोनों ओर छोटे-बड़े वाहनों की कई किलोमीटर तक लंबी कतार लग गई। खासकर कार सवार व बस यात्रियों को ज्यादा परेशानी हुई।

### दोपहर 1 बजे से लगा जाम

जानकारी के अनुसार जाम दोपहर 1 बजे से लगा हुआ है और अब तक करीब 300 से ज्यादा वाहन दोनों ओर फंसे हुए हैं. चिल्फी घाटी के दोनों तरफ वाहनों की लंबी लाइनें नजर आ रही हैं, जिससे यात्रियों और वाहनचालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. चिल्फी पुलिस मौके पर मौजूद है और यातायात को सुचारू करने के लिए प्रयास जारी है।







आवश्यकता है

प्रेस में रात्रिकालीन मशीन में कार्य करने हेतु हेल्पर आवश्यकता है।

-: संपर्क :-
दैनिक 'दावा' कार्यालय
बल्देव बाग, राजनांदगांव
मो.- 93004-14726




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com